ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



'ब्रेकिंग बैड' के हिंदी वर्जन में नजर आएंगे ... पेज 10 पर

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 08 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-293 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

NEWS इन ब्रीफ

### छोटे ने बड़े भाई की गला दबाकर की हत्या

**दुमका।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के ओरताड़ा गांव में छोटे भाई ने अपने सगे बड़े भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद सोमवार को मृतक टिकला टुडू (60) की पत्नी तालको सोरेन ने हंसडीहा थाना पहुंच अपना बयान दर्ज कराया। तालको का आरोप है कि छह अगस्त की शाम उसकी गोतनी संझली मुर्मू और उसके पति टिकला टुंडु के बीच घरेलू बातों को लेकर कहां सुनी हो गई थी। इसी बीच मेरे देवर मुंशी टुडू अपने घर पहुंचे । उन्होंने गला दबाकर हत्या कर दी। थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी तालको सोरेन की शिकायत पर के दिये बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित मुंशी टुडू को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस शव पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दी।

### संदिग्ध व चोरी हुए मोबाइल नंबरों का आईएमईआई होगी ब्लॉक

**रांची।** देशभर में संदिग्ध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहे मोबाइल नंबर व चोरी हुए नंबरों का राष्ट्रीय डाटाबेस बनाया गया है। राज्य पुलिस को इस डाटा बेस के लिए भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय ने पत्र लिखा है। चोरी हुए मोबाइल फोन व संदिग्ध गतिविधियों के लिए इस्तेमाल हो रहे फोन नंबर की आईएमईआर नंबर को ब्लक में ब्लॉक किया जाएगा। इसकी इंट्री सेंट्रल इक्यूपमेंट्स आइडेंटिटी रजिस्टर(सीईआईआर) में होगी। मंत्रालय ने राज्य पुलिस को निर्देश दिया है कि वैसे नंबरों का आईएमईआई नंबर एसओपी बनाकर शेयर करें।

### एटीएस- रांची पुलिस ने अपराधी रणविजय को किया गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड पुलिस की एटीएस और रांची पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर रणविजय सिंह का नाम के अपराधी को गिरफ्तार किया है। रणविजय को रविवार की रात लालपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। रांची पुलिस को बरियातू में लवकुश गैंग के बिट्टू खान उर्फ तनवीर की हत्या के केस में रणविजय की तलाश थी। रांची के मोरहाबादी में बिट्टू की हत्या में वह शामिल रहा था। वहीं बरवड्डा में भी गोली चालन की एक घटना में वह शामिल था। रविवार की रात गिरफ्तारी के बाद रणविजय के पास से चार मोबाइल फोन बरामद की गई थी। रणविजय मूल रूप से धनबाद के रेलवे कॉलोनी का रहने वाला है। उसके खिलाफ धनबाद, नगड़ी, बरवड्डा, बरियातू में आपराधिक केस दर्ज हैं।

### प्रफुल्ल मिले दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री से, कहा-

## सहकारिता को बढ़ावा देकर झारखंड में आंदोलन खड़ा किया जा सकता है

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भूमि विकास बैंक (बिहार-झारखंड) के निदेशक व पलामू के वरिष्ठ भाजपा नेता प्रफुल्ल सिंह ने नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर बीजेपी झारखंड को-ऑपरेटिव सेल के प्रदेश संयोजक होने के नाते उन्होंने अपने कार्यकाल की जानकारी दी। प्रफुल्ल ने राष्ट्रीय महामंत्री को बताया कि किस तरह सहकारिता में जन जन की सहभागिता से झारखंड में जन आंदोलन खड़ा किया जा सकता है। राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) ने कहा कि सहकारिता का क्षेत्र व्यापक है। सहकारिता में जनभागीदारी के द्वारा जन जन की आत्मनिर्भरता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार रूप दिया जा सकता है। मोदी गांव व किसान की समृद्धि से समृद्धशाली भारत निर्माण के संकल्प को पूर्ण करने के लिए सतत कार्य कर रहे हैं और सहकारिता इस संकल्प में सहायक सिद्ध हो सकता है। अगर भाजपा कार्यकर्ता सहकारिता के क्षेत्र में कठोर परिश्रम के साथ जुड़कर काम करें। इसे सहकारिता के क्षेत्र में भाजपा को सफलता हासिल होगी। प्रफुल्ल ने यह भी बताया कि किस तरह झारखंड के पलामू जिला में माननीय सांसद विष्णु दयाल राम के नेतृत्व में महा-जनसंपर्क अभियान के तहत सभी कार्यक्रम का सफल आयोजन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि चार दिन बढ़ायी गयी

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की रिमांड अवधि समाप्त होने पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया गया। इस दौरान ईडी की ओर से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए विष्णु अग्रवाल को फिर से सात दिनों की रिमांड दिए जाने का कोर्ट से आग्रह किया गया। ईडी के रिमांड मांगे जाने का विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता ने विरोध किया। लेकिन ईडी की ओर से मौजूद विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने अदालत को बताया कि जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल भी शामिल हैं और उनसे पूछताछ में कई अहम खुलासे हो सकते हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने फिर से चार दिनों की रिमांड की मंजूरी प्रदान की।

## धर्म परिवर्तन को लेकर पलामू में बवाल

### विधायक समेत कई संगठनों ने किया रोड मार्च

### आकांक्षा को छत्तीसगढ़ पुलिस के हवाले किया जायेगा : एसपी



**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ की महिला का पलामू में धर्म परिवर्तन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस बाबत पलामू में बवाल है। विधायक समेत कई हिन्दूवादी संगठनों ने सोमवार को शहर थाना से लेकर समाहरणालय तक रोड मार्च किया। महिला और युवक के थाना पहुंचने के बाद पलामू एसपी रेशमा रमेशन ने महिला को छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपने की बात कही है। वहीं इस मामले को लेकर मेदिनीनगर शहर थाना में जमकर हंगामा जारी है। पांकी विधायक के साथ कई संगठनों ने विरोध में पैदल मार्च निकाला। महिला और आरोपी युवक ने रविवार की देर रात पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर टाउन थाना में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद पलामू पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस से संपर्क किया है। वहीं इस मामले को लेकर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के साथ कई संगठन के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे और आरोपी मुखिया और पंचायत सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दरअसल, छत्तीसगढ़ की एक महिला का पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। सूचना मिलने के बाद महिला के परिजन रविवार को पलामू पहुंचे। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। आत्मसमर्पण करने वाली महिला और युवक फिलहाल पलामू पुलिस के पास सुरक्षित है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि महिला 26 जून को लापता हुई थी। इस मामले में छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में मामला दर्ज ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सीएम ने करोड़ों की योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्धघाटन, बोले

# झारखंड बदल रहा है युवा पीढ़ी को दे रहे संबल

### मुख्यमंत्री ने 11186 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया वितरण




**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड बदल रहा है। बदलाव का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा, जब तक झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा नहीं हो जाता। मुख्यमंत्री ने कहा कि बोकारो में मेडिकल कॉलेज खुलेगा। यह कॉलेज दिवंगत जगरनाथ महतो के नाम नाम पर होगा। उन्होंने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, आवासीय विद्यालय, आवासीय बालिका विद्यालय और आईटीआई कॉलेज के अलावा नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर एक विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री सोमवार को बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित तारानारी में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड को एक सशक्त और मजबूत राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**अपने शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बना रहे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की भूमि रही है। देश की आजादी के खातिर यहां के कई वीरों ने अपनी कुबार्नी दे दी तो अलग झारखंड राज्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### गांव मजबूत बनेगा, तभी राज्य ठ देश मजबूत होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी मजबूत बनेगा, जब राज्य मजबूत होगा और राज्य की मजबूती के लिए गांव का मजबूत होना बेहद जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही है। किसानों और मजदूरों के हित को केंद्र में रखकर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है।

## आदिवासी महोत्सव मील का पत्थर साबित होगा : मुख्यमंत्री



### मुख्यमंत्री सोरेन से केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा वृहत पैमाने पर पूरी भव्यता के साथ झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 का आयोजन करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव-2023 को एक अलग पहचान मिलेगी। इस बार इस महोत्सव का देश भर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है और खुशी की बात है कि देश-दुनिया से इस महोत्सव में शामिल होने के लिए लोग आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी परंपरा, कला-संस्कृति, रहन-सहन, आदिवासी उत्पाद और गीत-संगीत-नृत्य को संरक्षित और आगे बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन मील का पत्थर साबित होगा। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय सरना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में सहायक पुलिसकर्मी फिर आंदोलन की राह में

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के नक्सल प्रभावित जिलों में कार्यरत सहायक पुलिस कर्मी एक बार फिर आंदोलन के मूड में हैं। रविवार को मेदिनीनगर शहर के पुलिस लाइन स्टेडियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सहायक पुलिस कर्मियों ने कहा कि झारखंड के दुमका में 8 अगस्त और पलामू में 20 अगस्त को हम सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा अवधि समाप्त हो रही है। यदि एक सप्ताह के अंदर सरकार इस पर कोई फैसला नहीं लेती है तो हम सभी सहायक पुलिसकर्मी रांची के मोराबादी मैदान में 15 अगस्त को ही झंडोत्तोलन कर आंदोलन शुरू करेंगे। मांग नहीं माने जाने से नाराज सहायक पुलिसकर्मियों का कहना है कि पिछले साल 12 सितंबर 2020 से 23 सितंबर 2020 तक मोरहाबादी मैदान में आंदोलन चला था। उस वक्त मंत्री मिथिलेश ठाकुर मिलने आए थे। उन्होंने भरोसा दिलाया था कि मांगों पर विचार के लिए जल्द ही पांच सदस्यीय कमेटी गठित होगी। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। लेकिन इस दिशा में अबतक कुछ नहीं हुआ। सहायक पुलिसकर्मियों ने बताया कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर सरकार के कार्यकाल में 12 नक्सल प्रभावित जिलों के 2,500 युवक-युवतियों को तीन साल की संविदा पर गृह जिला में सेवा देने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### एएसआई की टीम ने अंग्रेज अफसर जेम्स प्रिंसेप के बनाये काशी के नक्शे को भी देखा

**-आरएनएम**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी के सर्वे के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने ईस्ट इंडिया कंपनी के अधिकारी जेम्स प्रिंसेप बनाये काशी के नक्शे को भी देखा। जेम्स प्रिंसेप ने इलस्ट्रेटेड बनारस नामक पुस्तक 1832 में लिखी थी। तब 1832 में तैयार इस नक्शे के मार्फत दावा किया गया था कि आदि विश्वेश्वर मंदिर दिव्य-भव्य था। इसमें 12 कोण दर्शाए गए हैं। आठ कोण बाहरी तो चार भीतरी हैं। भीतरी कोण के पास मंडप बना है। इसके पास गर्भ गृह दशार्या गया है। इसमें आदि विश्वेश्वर मंदिर का नक्शा भी प्रकाशित किया था। इसी नक्शे के आधार पर आदि विश्वेश्वर ज्ञानवापी मंदिर का नया मॉडल बनाया गया है। जेम्स प्रिंसेप ने जो नक्शा बनवाया था, उसमें भी आदि विश्वेश्वर मंदिर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। कहा गया है कि 124 फीट का चौकोर मंदिर बना था। इसके चारों कोनों पर मंडप है। बीच में गर्भ गृह भी है,जिसे नक्शे में मंडपम लिखकर दशार्या गया है।

## झारखंड में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, अभी और होगी बारिश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में राजधानी में 6.1 एमएम बारिश रिकॉर्ड किया गया। सिमडेगा जिला में सबसे अधिक बारिश 50 एमएम रिकॉर्ड किया गया। गिरिडीह मे 22.5 एम एम बारिश रिकॉर्ड किया गया। 12 अगस्त तक तापमान में कमी महसूस की जायेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इस दौरान तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की जायेगी। पांच दिनों तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। इस दौरान राज्य का औसतन अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्यिस रहेगा। वहीं, न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। केंद्र की माने तो आने वाले कुछ दिन तक तापमान में वृद्धि नहीं दर्ज की जायेगी। इस दौरान कुछ जिलों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें राज्य के उत्तर पूर्वी इलाकों में मुख्य रूप से बारिश होगी, जिसमें दुमका, गोड्डा, पाकुड़, सरायकेला खरसावां, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

प्रक्रिया

### डाटा संरक्षण बिल लोक सभा में पास

# उल्लंघन करने वालों पर लग सकता है 50 से 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना

### सूचना के अधिकार का दंतहीन होने का खतरा

**-ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार सात अगस्त को डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल, 2023 को ध्वनिमत से पास हो गया। इस बिल के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं पर न्यूनतम 50 करोड़ रुपये व अधिकतम 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। डाटा प्रोटेक्शन बिल के लागू होने के बाद यदि किसी कंपनी या संस्था द्वारा नियमों को तोड़ा जाता है और किसी भी व्यक्ति की जानकारी लीक की जाती है, तो उस पर 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस कानून के लागू होने के बाद लोगों को अपना डाटा, स्टोरेज और इसकी प्रोसेसिंग के बारे में जानकारी मांगने का अधिकार मिल जाएगा। बिल के अनुसार डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड का भी गठन किया जाएगा। यदि किसी भी मामले को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, तो इसके संबंध में डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड फैसला करेगा। इस बिल के अनुसार अब नागरिकों को सिविल कोर्ट में जाकर मुआवजे का दावा करने का भी अधिकार मिल जाएगा। बिल में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार के डाटा का जिक्र किया गया है। बिल पर चर्चा के दौरान मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह विधेयक देश के 140 करोड़ लोगों के डिजिटल वैयक्तिक डाटा की सुरक्षा से संबंधित है। उन्होंने कहा, डिजिटल इंडिया को दुनिया के कई देश अपनाना चाहते हैं। 90 करोड़ भारतीय इंटरनेट से जुड़ गए हैं। बिल पर पिछले कई वर्षों में संसद की स्थायी समिति सहित अन्य मंचों पर कई घंटों तक इस पर चर्चा हुई है। 48 संगठनों तथा 39 विभागों/मंत्रालयों ने इस पर चर्चा की और 24 हजार ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सोशल मीडिया पर लगेगी लगाम

डाटा प्रोटेक्शन बिल के लागू होने के बाद सरकार सोशल मीडिया कंपनियों की मनमानी पर लगाम लगा सकेगी। जब भी कोई कंपनी किसी शख्स की निजी जानकारी को इकट्ठा करना चाहेगी तो इसके लिए उसे संबंधित व्यक्ति से इजाजत लेनी होगी। इस बिल के तहत किसी के व्यक्तिगत डेटा को तभी लिया जा जा सकता है जब संबंधित व्यक्ति ने इसके लिए सहमति दी हो। हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के मामलों में इसके लिए अनुमति की जरूरत नहीं होगी।

### दिल्ली सेवा बिल राज्यसभा से भी पास

## पक्ष में 131 और विरोध में पड़े 102 वोट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सेवा बिल सोमवार को राज्यसभा में पास हो गया। सदन में आप, कांग्रेस के अलावा विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी घटक दलों ने बिल का जोरदार विरोध किया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में ये बिल पेश किया। जिसका बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने भी समर्थन किया। बिल के पक्ष में 131 और विपक्ष में 102 वोट पड़े। राज्यसभा में विपक्ष के सभी संशोधन प्रस्ताव गिर गए थे। बिल पर चर्चा के दौरान अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बीच तीखी नोंकझोंक देखने को मिली। अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि इस बिल का उद्देश्य दिल्ली में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करना है। बिल के एक भी प्रावधान से, पहले जो व्यवस्था थी, उस व्यवस्था में एक इंच मात्र भी परिवर्तन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि ये विधेयक सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन नहीं करता है। ये बिल हम शक्ति को केंद्र में लाने के लिए नहीं बल्कि केंद्र को दी हुई शक्ति पर दिल्ली यूटी की सरकार अतिक्रमण करती है, इसको वैधानिक रूप से रोकने के लिए यह बिल लेकर लाए हैं। कई सदस्यों की ओर से बताया गया कि केंद्र को शक्ति हाथ में लेनी है। हमें शक्ति लेने की जरूरत नहीं क्योंकि 130 करोड़ की जनता ने हमें शक्ति दी हुई है। अमित शाह ने कहा कि कई बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो दिल्ली में बीजेपी की सरकार थी, कई बार केंद्र में बीजेपी की सरकार थी तो दिल्ली में कांग्रेस की, उस समय ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर कभी झगड़ा नहीं हुआ। उस समय इसी व्यवस्था से निर्णय होते थे और किसी मुख्यमंत्री को दिक्कत नहीं हुई।

**आप सांसद ने क्या कहा?**

आप सांसद राघव चड्ढा ने बिल का विरोध करते हुए कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता सुनाई और कहा कि जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है। आज से पहले शायद ही कभी असंवैधानिक, गैर कानूनी कागज का टुकड़ा बिल के माध्यम से सदन में लाया गया होगा। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विपक्षी सांसदों ने किया विरोध

सदन में चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि बीजेपी का दृष्टिकोण किसी भी तरह से नियंत्रण करने का है। ये बिल पूरी तरह से असंवैधानिक है, ये मौलिक रूप से अलोकतांत्रिक है और ये दिल्ली के लोगों की क्षेत्रीय आवाज और आकांक्षाओं पर एक प्रत्यक्ष हमला है। ये विधानसभा-आधारित लोकतंत्र के सभी मॉडलों का उल्लंघन करता है। जो इस बिल का का साथ दे रहे हैं, कल ऐसा ही प्रयोग आपके राज्य में भी हो सकता है।

NEWS इन ब्रीफ

### अविवाहित फुटबॉल टीम बनी विजेता



**हुसैनाबाद।** देवरी कला पंचायत के महुरांव खेल मैदान में भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किक मारकर किया। यह फुटबॉल मैच विवाहित टीम बनाम अविवाहित टीम के बीच खेला गया। जिसमें अविवाहित टीम ने 2-0 से विवाहित फुटबॉल टीम को हराकर विजेता बना। इस मौके पर भाजपा नेता विनोद सिंह ने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक विकास भी होता है। इस खेल में विवाहित टीम के लोग जिस उम्र में है और इस तरह का प्रदर्शन कर रहे है। यह काफी सराहनीय प्रयास है। फुटबॉल टूर्नामेंट में देवरी कला के मुखिया मनोज भारती, रेफरी के भूमिका में सुरेन्द्र चौधरी, योगेन्द्र सिंह,संजय सिंह, मनोज चौधरी, छोटू सिंह सहित कई खेलप्रेमी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की समीक्षा

# पेंशन के लाभुकों के खाते में समय से राशि का हस्तांतरण सुनिश्चित हो : डीसी

### अयोग्य लाभुकों की जांच कर होगी कार्रवाई, बीएलओ करेंगे पेंशनरो का वेरिफिकेशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, स्वामी विवेकानंद पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा की पेंशन योजनाओ की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक विक्रम आनंद को विभिन्न पेंशन के लाभुकों का शत- प्रतिशत आधार लिंक कराने पर बल दिया। कहा कि सभी पेंशनरों के खाते में समय पर राशि हस्तांतरण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जो बीएलओ डोर टू डोर इलेक्शन का कार्य कर रहें हैं उनके माध्यम से सभी पेंशन धारियों को वेरीफाई कराएं साथ ही सभी लाभुकों का मोबाइल अपडेशन कराए जाने पर भी बल दिया। उन्होंने वार्षिक सत्यापन में तेजी लाने की बात कही। कहा कि अगर कोई अयोग्य लाभुक पेंशन का लाभ ले रहा है तो ऐसे लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई करें। मौके पर सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करेगा स्पोर्ट्स क्लबः कर्नल संजय



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को फुटबॉल खेलने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इस मुहिम के तहत कर्नल ब्रिगेड के सदस्य हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत ग्राम अमही, विश्वसिया, गया बीघा, चंकार कस्तुरी व घघरा में जाकर खिलाड़ियों को फुटबॉल गेंद दिया। मौके पर भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक सह कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र का फुटबॉल से बहुत ही गहरा संबंध है। लेकिन यह खेल यहां धीरे धीरे विलुप्त होती जा रही थी, उसी को फिर से एक नये मुकाम पर पहुंचाने का संकल्प कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट क्लब ने लिया है और हम लोगों का प्रयास है कि हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं को जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय टीम में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले। हमारे क्लब के सदस्य कार सेवा के द्वारा क्षतिग्रस्त फील्ड और खंभे को ठीक करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेलने से क्षेत्र के होनहार युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा तथा शारीरिक क्षमता बढ़ेगी। जिससे युवाओं को भारतीय सेना, राज्य पुलिस जिला पुलिस आदि की तैयारी में लाभ मिलेगा। आगामी 23 नवंबर से शुरू होने वाले कर्नल कप फुटबॉल को लेकर इस बार युवा अति उत्साहित हैं। उन्होंने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है और अपनी दमखम दिखाने को बेताब हैं। कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब का यह मुहिम काफी हद तक सफल होते भी नजर आ रहा है इन दिनों क्षेत्र के अधिकांश इलाकों के बच्चों हर दिन फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं।

## धर्मांतरण को लेकर सेना ने पलामू एसपी को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ की विवाहिता का अपहरण कर पलामू में जबरदस्ती धर्मांतरण करने को लेकर सोमवार को पलामू एसपी रिशमा रमेशन को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से कहां है कि पलामू जिले के तरहसी थानांत गाँव में मुखिया एवं मुखिया पति के द्वारा गैरकानूनी एवं असंवैधानिक कार्य हमेशा से संचालित होता आ रहा है। जिसका ताजा उदाहरण है छत्तीसगढ़ की विवाहिता को अपहरण कर पलामू के गुरहा गांव लाकर जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। जिसका अनेक प्रमाण दिख रहा है। पहले भी उन्माद फैलाने की कोशिश तरहसी में सैकड़ो राइफल अवैध रूप से लहराकर माहौल बिगाड़ने का किया जा चुका है। अब धर्मपरिवर्तन का मामला जाँच करने पर सच्चाई को जाना जा सकता है। इतना ही नहीं इनके हरकतों से पलामू में सौहार्द बिगड़ने का भी खतरा है। गाँव वाले डरे सहमे रह रहे हैं। जिसपर कड़ी कानूनी कारवाई की आवश्यकता है।

## सदस्यता बहाल होने पर नगर कांग्रेस ने जताई खुशी, बांटी मिठाइयां

**विश्रामपुर।** राहुल गांधी का लोक सभा सदस्यता बहाल होने पर विश्रामपुर नगर कांग्रेस द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किया गया। कांग्रेसी नेताओं कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने आम लोगों के बीच भी मिठाई का वितरण किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का सदस्यता बहाल होना सत्य की जीत है। मोदी सरकार राहुल गांधी की आवाज को बंद करना चाहती थी।अलेकिन न्यायालय ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया।अब राहुल गांधी फिर से सदन में सरकार की गलत और विभाजनकारी नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज को बुलंद करते रहेंगे।

## पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिये पेड़ लगायें : कमलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के बेलौदर मोड़ स्थित खाप कटैया जाने वाली रोड़ के किनारे सोमवार को राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने आधा दर्जन फलदार व छायादार पौधारोपण किया। पौधारोपण के पश्चात पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया। श्री यादव ने लोगों से पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिये पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम दस पेड़ लगाना चाहिए। मौके पर अनिल शौंडिक, यदुनंदन यादव, छोटू कुमार, काजू कुमार, पप्पू पासवान, अखिलेश यादव, मुन्ना मिस्त्री आदि मौजूद थे।

**कार्यक्रम** | लोक गायक गदर व कम्युनिस्ट नेता अल्लउद्दीन की शोक सभा के साथ

# इप्टा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 16वीं कड़ी संपन्न

### हमारे देश का मेवात एक ऐसा इलाका है जहां 1947 में देश के बंटवारे के वक्त भी दंगा नहीं हुआ था : महासचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 16 वीं कड़ी में देश में फैले हिंसा के दौर में क्या करें आम आदमी विषय पर चर्चा के साथ संपन्न हुआ। चर्चा की अध्यक्षता अधिवक्ता संजय कुमार अकेला एवं ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने संयुक्त रूप से की। चर्चा के प्रारंभ में प्रेम प्रकाश ने विषय प्रवेश कराया। इसके बाद राजीव रंजन ,गौतम कुमार ,कुलदीप राम , शिक्षक गोविंद प्रसाद ,प्रसिद्ध राम ,अब्दुल हमीद, व शिक्षक अच्छे लाल प्रजापति ने अपने-अपने विचार रखे। झारखंड इप्टा के महासचिव उपेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे देश का मेवात एक ऐसा इलाका है जहां 1947 में देश के बंटवारे के वक्त भी दंगा नहीं हुआ था। 2023 में दंगे का माहौल बना तो मेवात के आम लोग इसके खिलाफ सड़क पर उतर आए। देश के आम आदमी को मेवात से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। आम आदमी को अपनी बुनियादी जरूरत को लेकर सड़क पर उतरना होगा। हिंसा फैलाकर हमारी बुनियादी जरूरतों से भटकते हैं। ऐसे लोगों की पहचान करनी होगी। वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अधिवक्ता नंदलाल सिंह ने कहा कि सांस्कृतिक पाठशाला को व्यापक रूप देना होगा। वर्तमान राजनीति की चाल को समझना और और समझाना होगा। राजनीतिक दल इस काम को नहीं कर सकता। सांस्कृतिक दलों के द्वारा ही यह काम संभव है। केडी सिंह ने कहा शिक्षा, स्वास्थ्य, जन-जल-जंगल-जमीन के संघर्ष को तेज करना होगा। आम आदमी खुद रास्ता ढूंढ लेगा। चर्चा की अंतिम कड़ी में इप्टा के कलाकारों ने विनय महाजन द्वारा लिखित गीत मेरे सपनों को जानने का हक रे प्रस्तुत किया।

### शोक सभा

कार्यक्रम के अंत में जनता के कवि गदर के निधन पर उपेंद्र कुमार मिश्रा ने शोक संवाद रखते हुए कहा कि गदर एक आंदोलन थे। उनके निधन से जन गायन की दुनिया को काफी बड़ी क्षति हुई है। इसके बाद केडी सिंह ने कम्युनिस्ट पार्टी के समर्पित नेता अलाउद्दीन के प्रति शोक संवेदना प्रकट किया। शिव शंकर प्रसाद ने महान जन गायक गदर एवं समर्पित कम्युनिस्ट नेता अलाउद्दीन के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उपस्थित तमाम लोगों ने 1 मिनट का मौन रहकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर सच्चिदानंद (चीफ ब्यूरो दैनिक जागरण), रवि शंकर, घनश्याम कुमार, नुसरत नवाज, मनीष कुमार, अभय मिश्रा, अजीत ठाकुर, शशि पांडे, शिव शंकर चौधरी, विजेता नंद तिवारी, संजीत दुबे, समरेश सिंह, संजीव कुमार संजू, भोला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पीओ : जादुगोडा माइंस, जिला : सिंह भूम (पूर्व), झारखंड-832102।
(सीआईएन : यू 12000 जेएच 1967 जीओआई 000806)

**रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने हेतु सूचना**

**संख्याः यूसीआईएल/आरआईपी 2023/01 दिनांकः 01.08.2023**

भारत सरकार के यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा भारतीय पंजीकृत फर्मों के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। वैश्विक अवसरों की पहचान करने और विदेशी देशों में महत्वपूर्ण कच्चे माल की संपत्ति के खनन अधिग्रहण के लिए उचित लेन देन संरचना बनाने के लिए लेन देन सलाहकार (टीए) की नियुक्ति के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत भारत का उद्यम। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब लिंक https:/ucil.gov.in पर जाएं।

सीबीसी 48134/12/0021/2324 — यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

### मांगों के पूरा नहीं किये जाने पर आंदोलन के एलान के साथ

# अधिकारियों के आश्वासन पर आमरण अनशन 36 घंटे बाद समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड एनएच 98 किनारे स्थित 5 सूत्री मांगों को लेकर पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता द्वारा किए जा रहे अनिश्चितकालीन आमरण अनशन दूसरे दिन सोमवार को 36 घंटे के बाद बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, हुसैनाबाद के सहायक विद्युत अभियंता सह छतरपुर प्रभारी संजय कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास आदि पदाधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया। इस दौरान बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, हुसैनाबाद के सहायक विद्युत अभियंता सह छतरपुर प्रभारी संजय कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास आदि पदाधिकारियों ने आमरण अनशन पर बैठे कुशवाहा शिवपूजन मेहता को जूस पिलाकर अनशन तोड़वाया। दूसरे दिन सोमवार सहायक विद्युत अभियंता संजय कुमार द्वारा आमरण अनशन स्थल पर पहुंचे और अनशन पर बैठे पूर्व विधायक के मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। जिसमे हरिहरगंज पिपरा सहित हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र को निर्बाध रूप से बिजली देने, तीन महीना के अंदर जर्जर तार पोल को बदलने, छतरपुर में ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग वर्कशॉप खोलने तथा बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण द्वारा आश्वासन दिया गया कि दो दिनों के अंदर सर्वदलीय कमेटी गठन कर एक सप्ताह में 842 शहरी पीएम आवास के योग्य लाभुकों का रिपोर्ट तैयार करने, बटाने डेम के गेट को दुरुस्त करने संबंधी मांग को डीसी के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने के आश्वासन दिए जाने के बाद आमरण अनशन समाप्त हो गया। जबकि पूर्व विधायक ने सैकड़ों समर्थकों व पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों को 17 अगस्त तक पूरा नहीं किए जाने पर पुनः 18 अगस्त से एनएच 98 पर सैकड़ों समर्थकों व पार्टी कार्यकताओं के साथ आंदोलन के लिए उतर जाएंगे। इस मौके पर जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामजी पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, मुखिया जितेंद्र पासवान, सोनू जायसवाल, राणा पासवान, विजय मेहता, रंजीत मेहता, मुकेश मेहता, छात्र नेता आदित्य तिवारी, आकाश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–18.07.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– 1/RCD/Daltonganj/2023-24/683 (2nd Call) आमंत्रित की गई है, जिसका PR No. 302685 Road(23-24)#D है। SBD का Clause 4.5A(c) (Page No. 12), Appendix to ITB के क्रमांक–5 (Page No. 24) एवं Check List के क्रमांक–27 (Page No. 98) में अंकित Quantity में संशोधन किया गया है, जो निम्नलिखित है :–

| Sl No. | Name of Item | पूर्व में अंकित Quantity | संशोधित Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Earthwork in both excavation and embankment (combined quantities) | 289490.93 m3 | 153930.20 m3 |
| 2 | Earth Work in Filling | 4774.37 m3 | 1919.345 m3 |
| 3 | Cement Concrete (PCC/RCC/DLC/PQC/PSC) Combined Quantities | 6274.77 m3 | 4048.185 m3 |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।

PR 304195 District(23-24)D

कार्यालय, जिला स्वास्थ्य समिति-अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।

**सूचना**

पत्रांक 95 /
लोहरदगा, दिनांक 07.08.2023।

लोहरदगा जिला में मोतियाबिंद मरीजों के ऑपरेशन हेतु दर्पण पोर्टल में निबंधित स्वयं सेवी संस्थाओं को MOU हेतु दिनांक 14 अगतस्त 2023 तक आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक स्वयं सेवी संस्थान विस्तृत जानकारी हेतु अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–
सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति–
अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, लोहरदगा।

PR 304173 (Lohardaga) 23-24 (D)

# आश्रित पुत्र को बीमा राशि का भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक परिसर में सोमवार को बैंक की ग्राहक रही स्व. बिमला देवी के आश्रित पुत्र पंकज कुमार को 2 लाख का चेक प्रदान किया गया। ग्राहक बिमला देवी गढ़वा जिला के मोरबे गाव की रहने वाली है। उनके पति की भी असमायिक मृत्यु हो जाने के कारण उसके पुत्र को बीमा की राशि का भुगतान किया गया हैं । बैंक ने मृतक का खाता खोलवाने के बाद उसका बीमा किया है। वज्रपात की घटना में ग्राहक विमला देवी की मौत पिछले साल 2 अगस्त 2022 को हुई हैं। शाखा प्रबंधक शरद कुमार ने बताया की झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक अन्य बैंकों की तरह सभी ग्राहको को मृत्युदावा का भुगतान शीघ्र करती हैं। पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत मृतक का दावा का भुगतान किया गया है। इसके लिये बैंक से जुड़े सभी ग्राहक कम किस्त पर होने वाले ग्राहक सुरक्षा बीमा करवा सकते हैं। ग्राहको को इसके लिये जागरूक होने की बात कही। इस मौके पर बैंक कर्मी नवीन कुमार, संतोष कुमार, ज्ञान प्रकाश दुबे, नेहा कुमारी, बुचुन कुमार, विकाश कुमार , शकुंतला कुमारी व अन्य कई ग्राहक मौजूद थे।

कार्यलिय मेदिनीनगर नगर निगम

**अतिअल्पकालीन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि डिजलीलैण्ड मेला स्थान शिवाजी मैदान नदी किनारे मेदिनीनगर में मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें सड़क के किनारे पार्किंग हेतु नगर निगम कार्यालय में दिनांक 14.08.2023 को 12:00 बजे से खुली डाक कर जाएगी। जिसकी सरकारी राशि– 1,15,500/- रूपये से शुरू होगी। डाक में बैठने हेतु मो0– 5,000/- नगर निगम कार्यालय में जमा करना होगा। इसके साथ बोलीकर्त्ता का आधार कार्ड, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण–पत्र साथ जमा करना होगा।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 304165 District(23-24).D

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, GARHWA
(District Agriculture Office)
Website: www.garhwa.nic.in

Tender Reference No. Date

**VERY SHORT NOTICE FOR INVITATION OF EXPRESSION OF INTREST**

| | |
|---|---|
| EOI SUBMISSION PLACE | DISTRICT AGRICULTURE OFFICE, GARHWA |
| DATE OF PUBLICATION OF BID ON WEBSITE | 07-08-2023 |
| LAST DATE & TIME OF RECEIPT OF EOI | 21-08-2023 |
| DATE & TIME OF OPENING OF EXPRESSION OF INTEREST | 22-08-2023 |
| NAME & ADDRESS OF OFFICE INVITING | COMBINED AGRICULTURE BUILDING, PIPRA KALAN, GARHWA- 822114 |
| HELPLINE NUMBER | 8986656686, 6202524733 |

| SL. NO. | INFORMATION | DETAILS | ESTIMATED COST PER UNIT | UNIT | WORK COMPLETION PERIOD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NAME OF WORK | Supply, Installation and Technical Training of Animal Feed Manufacturing Unit | Rs. 6,50,000/- | 01 | 90 Days |

NOTE: For further information please visit website: www.garhwa.nic.in

District Agriculture Officer,
Garhwa.

PR 304149 Agriculture(23-24)#D

# पुलिस पदाधिकारी ने अपराध समीक्षा बैठक में दिये कई निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छत्तरपुर केअनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में लंबित कांडो का निष्पादन, वारंट/ कुर्की के निष्पादन में गति लाने का निर्देश थाना प्रभारियों को दिया। साथ ही अपराध पर अंकुश लगाने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में छतरपुर पुलिस निरीक्षक वीर सिंह मुंडा, हरिहरगंज थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुदामा दास, छत्तरपुर थाना प्रभारी पु०अ०नि० शेखर कुमार, नौडिहा बाजार थाना प्रभारी पु०अ०नि०अमन कुमार, पिपरा थाना प्रभारी पु०अ०नि० अमित कुमार सिंह एवं छत्तरपुर महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी सोनी कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थी।

### प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति मिली मंत्री व सांसद से, सौपा मांग पत्र

# पांकी के लोहरसी को अलग प्रखंड बनाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के पांकी के लोहरसी को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर लोहरसी प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से मिला और उन्हें सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र सौंपा। जानकारी देते हुए प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति के नर्वदेश्वर सिंह ने बताया कि चुंकि अमानत नदी के दूसरी ओर के पंचायत लोहरसी, नौडीहा, अम्बाबार, केल्हवा व पगार की दूरी प्रखंड मुख्यालय से ज्यादा हो जाती है। इसके अलावा तरहसी प्रखंड के गोइंदी व उदयपुरा टू पंचायत से तरहसी प्रखंड मुख्यालय की दूरी 30 किलोमीटर से भी अधिक है। ऐसे में इन सातो पंचायतों के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह सभी सात पंचायत मिलकर एक नया प्रखंड बनने की अहर्ता को पूरा करते हैं। यही कारण है कि कई वर्षों से लगातार इन पंचायतों के ग्रामीण लोहरसी को अलग प्रखंड के रूप में स्थापित करने की मांग करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंत्री रामेश्वर उरांव व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से जल्दी ही इसी कार्यकाल में लोहरसी को प्रखंड बनाने का आश्वासन प्राप्त हुआ है। प्रतिनिधि मंडल में रामकिशुन यादव, अजीज मियां, राजुल मियां, मटन यादव आदि शामिल थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम विदरा निवासी सूरज राम की पत्नी पूजा देवी उम्र 40 वर्ष घरेलू विवाद में जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब 3:00 बजे पूजा देवी का अपने घर में किसी बात को लेकर परिवार वालों से झगड़ा हो गया। इस बीच पूजा देवी गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली, जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला पूजा देवी की मौत हो गई। मौत के बाद सदर अस्पताल में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वही मौत के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही महिला का शव दाह संस्कार के लिए अपने घर लेकर चले गए।

### असामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं लगने देंगे: रूद्र शुक्ला

**मेदिनीनगर।** पूर्व विधायक प्रत्याशी पांकी विधान सभा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला ने कहा कि पांकी विधान सभा क्षेत्र के तरहसी के गुरहा ग्राम निवासी मो साजिद ने छतीसगढ़ अम्बिकापुर से आकांक्षा मिश्रा को अपहरण कर गलत तरीके से अपने घर गुरहा ले आया है । उससे झूठी शादी करने और उसका जबरजस्ती धर्म परिवर्तन करना और नाम बदल कर गलत तरीके से अपने साथ रखना चाहता था। आकांक्षा मिश्रा के परिजन भी उसे वापस ले जाने आए हुए हैं। रुद्र शुक्ला ने कहा कि पांकी विधान सभा में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा नही लगने देंगे । उन्होने आकांक्षा मिश्रा को उसके घर भेजने के लिए पलामू पुलिस अधीक्षक से बात की । साथ ही दोषियों पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। युवा नेता ने कहा कि धर्म परिवर्तन और लव जिहाद जैसे मामलों को पांकी बिधान सभा मे नही पनपने देगे इस तरह की घटना फिर कभी ना हो इसके लिये सख्ती से दोषियों पर कार्यवाई की जाये और आकांक्षा मिश्रा को उसके पिता और पति के साथ सुरक्षित उसके घर भेजा जाय।

### उपायुक्त ने बैठक कर की विकास योजनाओं की समीक्षा

# गुणवत्ता के साथ योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करें : डीसी

**लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी नाला व चेक डैम निर्माण की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने विकास योजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के उद्देश्य से सोमवार को तकनीकी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। एनआईसी के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंताओं को निर्माण व मरम्मति कार्यो में तेजी लाते हुए टाइमलाइन के तहत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। टाइमलाइन के अंतर्गत ही विभिन्न एनएच एवं आरओआर के कार्यों को करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुल,ब्रिज को एप्रोच रोड से जोड़ें । लघु सिचाई विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी नाला व चेक डैम निर्माण की अद्यतन स्थिति से अवगत हुए, साथ ही अभियंता को चेक डैम व आहर के निर्माण एवं जीर्णोद्धार से लाभुकों को फायदा पहुंचाने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उन्होंने भवन निर्माण के तहत निमार्णाधीन सब हेल्थ सेंटर, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, हल्का कर्मचारी कार्यालय के निर्माण कार्यों की जानकारी ली और सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा सड़क, भवन, चेक डैम आदि के कार्यो में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने बटाने जलाशय योजना, एनआरईपी, मंडल डैम, भीम बराज आदि परियोजनाओं की समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त श्री शशि रंजन के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सहित सभी विभागों के तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने मनाया हस्तकरघा दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हस्तकरघा दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा पलामू अध्यक्ष सीटू गुप्ता की अध्यक्षता में हथकरघा दिवस सूत कातने वाली बहनों को अंग वस्त्र से सम्मानित कर खादी ग्राम उद्योग की बहनों के साथ मनाया गया। खादी के व्यवसाय कार्यों में जुड़ कर, हम किस प्रकार से अपनी अर्थव्यवस्था को सुधार सकते हैं और महिलाएं स्वावलंबी हो सकती हैं। हैंडलूम अपनाएं संस्कृति बचाएं, हमें हैंडलूम से प्यार है हैंडलूम हमारा गौरव है, संस्कृति की पहचान, हैंडलूम के परिधान , इस प्रकार के स्लोगन के साथ सड़कों पर महिलाओं के साथ आगे बढ़ते हुए रोड शो किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रीना किशोर, उषा माखारिया, उपाध्यक्ष, सुमीता सिंह, सुमन गुप्ता, रेखा सिंह अनेकों महिला बहने उपस्थित थीं।

### काँग्रेस कमिटी ने दी डीसी व एसपी को शुभकामना

**मेदिनीनगर।** पलामू के नये उपायुक्त महोदय शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन से पलामू जिला काँग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर बधाई एवं शुभकामना दी। मौके पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विनोद तिवारी ईश्वरी प्रसाद सिंह मिथिलेश सिंह सुरेश पाठक नफीस खान रिजवान खान जितेंद्र कमलापुरी डॉक्टर कृष्णमणि दुबे महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत अशोक पासवान देवांग शुक्ला संतोष गुप्ता शैलेश मेहता अनिल सिंह तन्मय राज पांडे सहित कई लोग थे।

### जन्म दिन पर गरीबों को खाना खिलाया वरदान संस्था ने



**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट सिर्फ एक सामाजिक संस्था नहीं है। बल्कि यह एक ऐसा प्लेफॉर्म है जहां कोई अपनी खुशियां शेयर करता है तो कोई अपने अभिभावकों की याद में जरूरतमंदों के बीच भोजन, फल, कपड़े एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित करता है। इस संस्था से जुड़ी खुशबू शर्मा ने एक नेक काम किया है। उसने अपने जन्म दिन पर गरीबों को खाना खिलाई। 100 पैकेट भोजन का वितरण किया। टीम वरदान की ओर से भी पूरी, सब्जी, रोटी, चावल एवं दाल का 50 पैकेट भोजन का वितरण हुआ। मौके पर उन्होंने कहा कि जन्म दिन मनाने का यह अच्छा तरीका है। मौके पर सुभाष, मन्नत सिंह बग्गा, अंजू शर्मा, संध्या अग्रवाल, लक्ष्य श्रेष्ठ, कंचन गुप्ता, बेबी आशुतोष सिंह, ज्योति अग्रवाल ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे यादगार बनाया।

# विश्व आदिवासी दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर नि : शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पलामू जिले के किशुनपुर पंचायत के पंचायत सचिवालय भवन में लगेगा। शिविर सुबह 10:30 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। ये पारस एच ई सी के हॉस्पिटल के तत्वावधान में होगा। शिविर में डॉक्टर हड्डी रोग विशेषज्ञ अंकुर सौरव द्वारा शिविर में लोगों को परामर्श दिया जायेगा। इसके साथ निःशुल्क जांच शिविर में ब्लड प्रेसर, ब्लड शुगर, ऑक्सिजन टेस्ट किया जाएगा। इन शिविर में 300 लोगों को देखा जा सकता है, किशुनपुर मुखिया सुमन गुप्ता ने कहा कि उन्होंने पारस हॉस्पिटल को शिविर लगाने को लेकर मांग की थी। जिसके बाद 9 अगस्त को पारस हेल्थ केयर सेंटर के द्वारा शिविर लगाया जा रहा है। शिविर की खास बात ये है की जांच के दौरान अगर कोई मरीज गंभीर रूप से घायल होते है और उनका आयुष्मान कार्ड भी नही है। बावजूद उन्हें तत्काल उपचार हेतु पारस हॉस्पिटल भेजा जाएगा। जहां आयुष्मान कार्ड बनाकर उनका निःशुल्क उपचार किया जायेगा। इसके लिए मरीज को आधार कार्ड और राशन कार्ड ले जाना होगा। पलामू जिले से किसी भी स्थान से लोग आकर शिविर में अपनी बीमारी का निः शुल्क उपचार कर सकते है। जनरल फिजिसियन द्वारा सामान्य जांच और परामर्श दिया जायेगा।

# मिशन इंद्रधनुष 5.0 के प्रथम चरण की शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन इंद्रधनुष अभियान के प्रथम चरण की शुरूआत सोमवार को सदर अस्पताल के डायग्नोस्टिक सेंटर में की गई। इस अभियान के तहत पलामू में गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों को छूटे हुए टीके लगाए जाएंगे। पलामू में पहली बार यू-विन पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण का आन स्पाट पंजीकरण किया जाएगा। टीकाकरण के बाद डिजिटल टीकाकरण कार्ड तैयार किया जाएगा जो पोर्टल में हमेशा सुरक्षित रहेगा। उसे कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीपीएम दीपक कुमार ने बताया कि 'मिशन इंद्रधनुष' अभियान तीन चरणों में चलेगा। पलामू में प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर व तीसरा चरण 9-14 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान ऐसी गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा, जो किसी कारणवश टीका नहीं लगवा पाए थे।

### गोबिंद गिरी को सिल्वर व आर्य सिंह को मिला ब्राउंज मेडल

# राज्य स्तरीय जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में पलामू की नेहा ने जीता गोल्ड



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन और बोकारो जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 7 अगस्त को पीआईटी एस मॉडर्न स्कूल गोमिया, बोकारो के ग्राउंड में राज्य स्तरीय जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के नाम से द्वितीय नेशनल जेवलिन दिवस के अवसर पर विभिन्न आयु वर्गो के बालक - बालिकाओं के लिए किया गया । प्रतियोगिता में पलामू जिला के एथलेटिक्स कोच मोनू कुमार के नेतृत्व में चयनित 7 बालक- बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन करते हुए रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने 3 मेडल प्राप्त किये । अंडर 20 आयु वर्ग में नेहा कुमारी ने गोल्ड मेडल, अंडर 18 वर्ष आयु वर्ग में गोविंद गिरी ने सिल्वर मेडल एवं अंडर 16 वर्ष आयु वर्ग में आर्या सिंह ने ब्राउज मेडल प्राप्त कर पलामू का नाम रोशन किया। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा ने कहा कि मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। खिलाड़ियों को शुभकामना देने वालों में पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, पलामू डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, पलामू योगासन संघ के सचिव अनिल कुमार पांडे , एथलेटिक्स संगरक्षक महेंद्र सिंह कुशवाहा ,पलामू जिला वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, वूशु संघ के सचिव सुमित सरस ,वेट लिफ्टिंग संघ के सचिव अभिलाष चंचल, साइकिलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार शूटिंग संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक ,सचिव अशोक सिंह, शारीरिक शिक्षक द्वारिका प्रसाद , प्रदीप कुमार मेहता, एवं रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी के एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी आदि शामिल हैं। यह जानकारी संजय कुमार त्रिपाठी ने दी है।



## झारखंड सरकार को लाखों का नुकसान

# उप्र से डीजल-पेट्रोल की हो रही है अवैध सप्लाई



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** खरौंधी, भवनाथपुर तथा केतार के दर्जनों डीजल तथा पेट्रोल व्यवसाई यूपी से अवैध रूप से डीजल तथा पेट्रोल लाकर बेचकर मोटी कमाई करते हैं। साथ ही झारखंड सरकार के लाखो रुपए का राजस्व का चूना लगाते है। जानकारी के अनुसार भवनाथपुर पेट्रोल पंप पर डीजल 97.31 रुपये लीटर तथा पेट्रोल 102.51 रुपये लीटर लोगों को मिलता है। वहीं यूपी के कोन के पेट्रोल पंप पर डीजल 91.30 रुपये लीटर तथा पेट्रोल 95.40 रुपये लीटर मिलता है। इसलिए अधिकांश डीजल तथा पेट्रोल व्यवसाई यूपी के कोन से डीजल तथा पेट्रोल लाकर सप्लाई करते हैं। ये व्यवसाई प्रतिदिन सुबह 4 बजे से लेकर 6 बजे के बीच यूपी के कोन क्षेत्र के पेट्रोल पंप से हजारों लीटर डीजल व पेट्रोल लाते हैं। पूरे दिन अपनी दुकान से बेचकर मोटी कमाई करते हैं। इसके लिए अधिकांश व्यवसाई की दुकान का निबंधन भी नहीं है। साथ ही ऐसा करने से इन्हें रोकने वाला भी कोई नहीं है। इसलिए इनके हौसले बुलंद है। सोमवार की सुबह दो ऑटो तथा एक पिकअप कोन क्षेत्र से हजारों लीटर डीजल लेकर भवनाथपुर के झगराखाड जा रहा था। पूछने पर ऑटो के ड्राइवर ने बताया कोन में डीजल तथा पेट्रोल सस्ता मिलता है। इसलिए कोन से डीजल तथा पेट्रोल लेकर जाते हैं।

**क्या कहते हैं शिवपूजन फ्यूल्स के संचालक :** वहीं भवनाथपुर के शिवपूजन फ्यूल्स के संचालक अजय कुमार यादव ने बताया कि प्रशासन की मिलीभगत से ये व्यवसाई अवैध रूप से डीजल तथा पेट्रोल लाकर हमारे पोषक क्षेत्रों में बेच रहे हैं। इनकी दुकानों का निबंधन भी नहीं है, जिससे महीने का 35000 लीटर डीजल व 30000 लीटर पेट्रोल का नुकसान हो रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए खरौंधी थाने में कई बार आवेदन दिए लेकिन इन्हें नही रोका गया, जिससे ये आसानी से डीजल पेट्रोल लाकर भवनाथपुर, केतार तथा खरौंधी में बेचते हैं।

**क्या कहते हैं आर्यन नमन ऑटोमोबाइल्स संचालक :** इस संबंध में पूछे जाने पर आर्यन नमन ऑटोमोबाइल्स के संचालक विवेक सिंह ने बताया कि मेरा महीने का 12000 लीटर पेट्रोल और 24000 लीटर डीजल का नुकसान हो रहा है। कई बार के पदाधिकारियों को सूचना दी लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार ने इस संबंध में कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। अभी तक किसी पेट्रोल पंप वाले ने भी नहीं बताया है।

# पांचवीं सोमवारी पर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

### समाज में बदलाव के लिए शिक्षा व सामंजस्य बहुत जरूरी : डॉ कुलदेव



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** डंडा प्रखंड के छपरदागा गांव के शिव मन्दिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा का आयोजन हुआ।

बतौर मुख्य अतिथि महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने सबसे पहले लोगों को सोमवारी और रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि पूजा-पाठ हमारे भारतीय संस्कृति की हिस्सा है और मानसिक रूप से हमें स्वच्छ रखता है, लेकिन डॉ चौधरी ने यह भी कहा कि समाज में बदलाव के लिए आस्था के साथ शिक्षा बहुत जरूरी है। साथ ही आपसी प्रेम भाव और सामंजस्य बनाने की जरूरत है। आपसी भेदभाव से समाज कमजोर होता है। जब एक व्यक्ति शिक्षित हो जाता है तो अपने परिवार व समाज को बदलने के लायक हो जाता है। लेकिन वहीं एक व्यक्ति गलत रास्ते पर चलता है तो पूरे परिवार और समाज के लिए कलंक बन जाता है। लड़कियों को पढ़ाई करना प्राथमिकता में होना चाहिए। इसके बाद ही शादी विवाह के बारे में सोचना चाहिए। अगर उम्र से पहले शादी होती है तो शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर हो जाएगी। समाज से हम सभी को मिलकर बाल विवाह और दहेज प्रथा को मिटाने की जरूरत है ताकि बेटी समाज के लिए बोझ न बने। साथ ही शराब, तम्बाकू जैसी चीजों से सबसे ज्यादा स्वास्थ्य खराब हो रहा है जिससे बचने की जरूरत है। वहीं महर्षि वेदव्यास परिषद के गढ़वा जिला अध्यक्ष सह पूर्व रमना उप प्रमुख रविंद्र कुमार चौधरी ने संस्कार के बारे में लोगों को समझाया कि संस्कार किसी पाठ्य पुस्तक में नहीं बल्कि अपने परिवार और समाज से मिलती है। आज ऐसी परिस्थिति है कि बच्चे अपने अभिभावक से कोई सलाह नहीं लेना चाहते हैं और अपने मन से कुछ गलत कर जाते हैं जिसका परिणाम अच्छा नहीं होता। इसलिए किसी भी कार्य को करने से पहले अभिभावक एवं गुरुजनों से सलाह लेने की जरूरत है।

मौके पर छपरदागा मुखिया प्रतिनिधि यदु चौधरी, विकासशील इंसान पार्टी के जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, वीआईपी जिला सचिव सुनील कुमार चौधरी, डंडा के पूर्व उप प्रमुख विनेश्ववर चौधरी कृष्णा चौधरी, ज्ञानी चौधरी, मंदिर संरक्षक चन्देश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार विश्वकर्मा, बिपीन चौधरी, राजदेव चौधरी, विजय चौधरी, बिंदु शर्मा, जितेन्द्र चौधरी, दीनानाथ चौधरी आदि श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित थे।

## स्वच्छ भारत अभियान में योगदान के लिये किया सम्मानित



**गढ़वा।** स्वच्छ भारत अभियान झारखंड प्रदेश के सहसंयोजक एवं पलामू प्रमंडल के प्रभारी रविंद्र नाथ उपाध्याय एवं पलामू जिला संयोजक शंभू शरण सिंह एवं गढ़वा जिला संयोजक मदन मोहन गुप्ता उर्फ टिंकू गुप्ता, सहसंयोजक जितेंद्र दीक्षित एवं दीपक चौहान की ओर से सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय गढ़वा में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडे एवं जिला महामंत्री संतोष दुबे को अंग वस्त्र एवं फलदार पौधे देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपाध्याय ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान में योगदान के लिये यह सम्मान दिया गया है। साथ ही पौधे लगाने का और सभी मठ, मंदिर, स्कूल की सफाई का संकल्प लिया गया। स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में पौधरोपण एवं मठ, मंदिर, स्कूल का सफाई अभियान निरंतर जारी रहेगा। मौके पर राजनाथ सिंह, संजय उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### परिजनों की फटकार पर महिला ने खाया जहर

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के राजा घटहूंआ गांव निवासी पप्पू पासवान की पत्नी सुमन देवी (25) ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में सुमन की सास चिंता देवी ने आरोप लगाया कि सुमन का पति कमाने के लिए बाहर गया हुआ है। इस दौरान सुमन देवी अपने घर में गांव के किसी लड़के को बुलाकर अवैध संबंध बना रहा था। इसी दौरान उसके बेटे ने उसे देख लिया। इसके बाद घटना की सारी जानकारी उसे दी। इसके बाद चिंता देवी ने इस घटना की जानकारी मिलते ही घर में जाकर देखा तो सुमन देवी गांव के एक युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में थी। इस बात को लेकर उसे डांट फटकार की गयी तो आक्रोशित होकर कीटनाशक खा लिया।

### पति से कहासुनी पर महिला ने खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के बहियार कला गांव निवासी नूर मोहम्मद अंसारी की पत्नी शायदा बीवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच नोकझोंक हो गयी थी। इसी बात से आक्रोशित होकर शायदा बीवी ने कीटनाशक खा लिया।

### जंगली हाथियों ने 3 एकड़ फसल को रौंद डाला

**धुरकी।** प्रखंड के राज्यपाल नगर उर्फ छुछी गांव में छत्तीसगढ़ से आये 22 हाथियों के झुंड ने रविवार रात तीन एकड़ में लगी मकई तिल रहर की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। इससे आसपास के गांवों के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार ऐनातुल अंसारी, सुदी गोड तथा सुराज गोंड के एक-एक एकड़ खेत में लगी रहर तिल मकई की फसल को नुकसान पहुंचाया है। वनपाल प्रमोद यादव ने प्रभावित लोगों से मिलकर सरकार के नियम के अनुसार मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया है तथा घर में महुवा नहीं रखने, बम पटाखा नहीं फोड़ने की सलाह देते हुए कहा है कि हाथी के झुंड में चार बच्चे सहित 22 हाथी शामिल हैं। हाथी घर में महुवा होने से सहज रूप से आकर्षित होते हैं तथा बम पटाका फोड़ने से नाराज हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिर्ची का पावडर हो तो आग मे डालकर जलाने से हाथी भाग सकते हैं। उन्होंने हाथियों के झुंड को कनहर नदी किनारे होने की बात कही है। संभावना जताई कि हाथी बहुत जल्दी छत्तीसगढ़ की ओर चले जायेंगे।

### मुखिया की अध्यक्षता में हुयी समीक्षा बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में सोमवार को पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में विभागीय निर्देशानुसार समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। पंचायत सचिव बिरेंद्र सिंह ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। इसके बाद पंचायत में चल रहे सभी विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, राजस्व कर्मचारी सहित अन्य के अनुपस्थित रहने पर मुखिया द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। बैठक में उप मुखिया शारदा पासवान, पंचायत समिति सदस्य चिंतामणि देवी, प्रधानाध्यापक अलीम अंसारी, निर्मल कुमार, अनूप विश्वकर्मा, नीलम पांडेय, बिनोद ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, अरविंद कुमार ठाकुर, रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, जेएसएलपीएस के क्लस्टर कोआर्डिनेटर निधि भारती, सुनीता देवी, वार्ड सदस्य शर्मा राम, कुंदन कुमार, फूलमती देवी, रामकिशोर प्रसाद, खुशबू सोनी, किसान मित्र परशु राम, प्रज्ञा केंद्र संचालक मिथलेश कुमार ठाकुर, स्वास्थ्य सहिया रेणु देवी, रविकान्ति देवी, तारा देवी, सुनीता देवी, संध्या देवी, वीणा देवी, आंगनबाड़ी सेविका बबिता देवी, सुनीता देवी, एमन कौशर, तारा देवी, मधु सहाय, अंजू देवी, विद्यावती देवी, पूनम देवी, स्वयं सेवक सत्येंद्र कुमार, कृष्णा कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति हुआ घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर रविवार की शाम पूरन चंद चौक के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति गढ़वा थाना क्षेत्र के टंडवा बिरहा मोहल्ला निवासी त्रिपुरारी सोनी के पुत्र रोहित कुमार सोनी को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रोहित किसी काम से गढ़वा की ओर गया था। वापस लौटने के दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### बिजली की चपेट में आने से महिला घायल

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के करके गांव निवासी उदय राम चंद्रवंशी की पत्नी कांति देवी बिजली करंट की चपेट में आने से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कांति देवी घर के पास घास तो साफ कर रही थी। इसी दौरान बिजली के अर्थिंग में उसका हाथ संपर्क हो गया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### कांग्रेस नेता के जन्मदिन पर पाठ्य सामग्री बांटी

**डंडाई।** कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह शायर इमरान प्रतापगढ़ी का सोमवार को धूमधाम के साथ जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर 20 सूत्री सदस्य सह कांग्रेसी नेता जफर इकबाल की ओर से प्रखंड के तसरार पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला में बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस बीच जफर द्वारा विद्यालत के बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, कलम, किताब के अलावे टॉफी आदि का भी वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से 20सूत्री अध्यक्ष मो क्यामुदिन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह, 20सूत्री सदस्य शरीफ अंसारी, अंसार अहमद, रामचंद्र राम, प्रेम राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खरौंधी प्रखंड में कार्यालय सहायक ने योगदान दिया



**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय में शनिवार को जिला स्थापना कार्यालय से स्थानांतरित होकर आये उच्च वर्गीय लिपिक संजय सक्सेना ने योगदान दिया। संजय सक्सेना प्रखंड कार्यालय में सहायक के रूप में कार्य करना शुरू कर दिया। साथ ही खरौंधी प्रखंड कार्यालय से नाजिर शैलेष कुमार को जिला स्थापना कार्यालय में योगदान देने के लिए बीडीओ गणेश महतो ने विरमित किया। उक्त जानकारी बीडीओ गणेश महतो ने दी।

## डॉ. दिनेश व डॉ. प्रियंका को दी गयी सम्मानपूर्वक विदायी



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह व डॉ. प्रियंका कुमारी का सामूहिक रूप से विदाई समारोह का आयोजन कर्मियों के द्वारा किया गया। इसमें दोनों चिकित्सकों को पुष्प गुच्छ व साल देकर समानित किया गया। इसके बाद डॉ. दिनेश सिंह ने प्रभारी का प्रभार डॉ रंजन दास को देते हुये कहा कि भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी बहुत ही मेहनती व कर्मठ हैं। साथ ही यहां की जनता लोंगो को अधिक सम्मान देती है जो मुझे भी यहां कार्य के दौरान मिला है। उसी तरह आप भी पूर्ण ईमानदारी से स्वास्थकर्मियों के साथ यहां की जनता व मरीजों की सेवा करने का प्रयास करेंगे। बताते चलें कि डॉ दिनेश विगत पांच वर्षों से भवनाथपुर में सेवा देने का कार्य किया है। इस मौके पर डॉ नितेश भारती, डॉ जेपी ठाकुर, डॉ निशंक निश्र्म, डॉ अभिनीत विस्वास, प्रदीप पाठक अरुण लकड़ा, अनूप गुप्ता, सीपी रावत, धर्मराज पासवान आदि लोग मौजूद थे।

## 9 सितंबर तक चलेगा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान

### गढ़वा जिले में 9000 छात्रों को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जोड़ा जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसको को संबोधित करते हुए अभाविप के जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने बताया कि विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान 7 अगस्त से 9 सितंबर तक चलेगा। पूरे जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से गढ़वा जिले में 9000 नए छात्रों को विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन से जोड़ा जाएगा।

जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने कहा कि पूरे 1 माह तक चलने वाले सदस्यता अभियान 4 चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण 7-14 अगस्त के बीच में 12वीं तक के विद्यार्थियों को सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी। 16 से 19 अगस्त शिक्षक एवं 21-28 अगस्त तक महाविद्यालय स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। वहीं 6 सितंबर से 9 सितंबर के बीच इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान के विद्यार्थियों को सदस्यता दिलाई जाएगी। सदस्यता अभियान के निमित्त विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड इकाई प्रभारी बनाये गये हैं। इसमें गढ़वा नगर ईकाई सुगंध बघेल, गढ़वा ग्रामीण हरीओम तिवारी एवं निरजन चौबे, मेराल शुकुल कुमार, रमना अंकित गुप्ता, डडंई अगस्त रजक एवं इंद्रजीत, बंशीधर नगर शेखर गुप्ता, भवनाथपुर हिमांशु कुमार, रंका शशांक चौबे, डंडा शुभम तिवारी, रमकंडा लकी कुमार, चिनिया कुमार सुभेंद्र, खरौंधी विकास कुमार, बिशनपुरा अकाश कुमार, बरडीहा प्रिंस कुमार सिंह, कांडी लक्की कुमार, मझिआव मंजुल शुक्ला, भंडरिया श्रीकांत सोनी, धुरकी पंकज चौबे, बडगड राजा यादव को इकाई प्रभारी बनाया गया है। जिला सदस्यता प्रभारी हरिओम तिवारी ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष के उपरांत गढ़वा में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसमें नए विद्यार्थियों को जोड़ा जायेगाा। मौके पर गढ़वा नगर सह मंत्री सुगंध बघेल उपस्थित थे।

## भारत स्काउट्स व गाइड्स प्रमाण-पत्रों का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों के बीच भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केसरी द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। प्रशिक्षण हेतु राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेतरहाट गए 32 स्काउट-गाइड्स को निदेशक मदन केशरी के द्वारा प्रदान किया गया जबकि प्रशिक्षक विकास सिंह ने बच्चों के -क्रिया कलापों एवं अनुशासन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक ने कहा कि आज देश की त्याग और बलिदान करने वाले नवयुवकों की आवश्यकता है जो अपने देश की, समाज की, हर समय और हर स्थिति में सेवा करने के लिए ततपर रहें। भाड़े के सेवकों से कभी देश का भला नहीं हुआ करता। उसके लिए सच्चे समाज सेवी चाहिए, जो जनता के सुख-दुःख को पहचान सके और उसे अपना समझ सके। वर्तमान स्काउटिंग संस्था का मुख्य उद्देश्य पठन-पाठन के अतिरिक्त तम्बू का निर्माण, पाक विद्या, प्राथमिक चिकित्सा, सेवा-सुश्रूषा, सखा भाव, मार्ग निर्माण, पशु-पक्षियों की साहचर्य होना है, आखेट, खेल-कूद, व्यायाम तथा सैन्य शिक्षा जैसे जटिल विषयों का समावेश में इसके अंतर्गत किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य यही भी है कि वर्तमान पीढ़ी सदैव प्रकृति और देशभक्ति से लगाव बनाए रखे। धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष प्रसाद, नीरा शर्मा, नीलम केसरी, सुषमा तिवारी, मुकेश भारती, खुर्शीद आलम, नरेंद्र सिन्हा आदि ने अपना योगदान दिया।

## बड़ी संख्या में लोग बने एआईएमआईएम सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** कल्याणपुर ग्राम ईदगाह मैदान में सोमवार को ऑल इंडिया मजलिस ऐ इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी का सदस्यता अभियान एवं एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मलेन सह मिलन समारोह का आयोजन कल्याणपुर युवा मोर्चा की ओर से किया गया। इसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सम्मलेन का आयोजन एवं संचालन इमरान अंसारी ने किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सहाबु खान, हाफिज इरफान, सोनू खान, गुलबहार अंसारी, मैनुल अंसारी, सुरेंद्र गुप्ता, ओस्ताज खान, गुलजार अंसारी, गुड्डू खान, सलमुदिन अंसारी, मो. हुसैन, इस्लामत अंसारी, सुरेंद्र बैठा, आबिद हुसैन, रेयासत खान, मुनु अंसारी, मूरतुजा अंसारी, नूरुल अंसारी, फैयाज अंसारी, अफजल अंसारी, केतबुद्दीन अंसारी, गोल्डन खान, नईम अंसारी, कुदुश अंसारी आदि शामिल रहे। मौके पर प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉक्टर एमएन खान साहब, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, एआईएमआईएम के वरिष्ट नेता डॉ. एमएन सिदिक, युवा जिला अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी जिला सचिव आशिक मंसूरी, जिला युवा सचिव डॉ. आफताब आलम, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, हैसियत राजा आदि उपस्थित थे।

### तैयारी | अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व कार्यपालक दंडाधिकारी ने ली बैठक

# स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रमों की रूपरेखा तय



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी कार्यालय प्रधान तथा गणमान्य व्यक्तियों के साथ एक बैठक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी व कार्यपालक दंडाधिकारी अजय तिर्की की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गयी।

बैठक में झंडोत्तोलन का समय तथा अनुमंडलीय मैदान में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर निर्णय लिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के आवास पर प्रातः 9:05 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आवास पर प्रातः 9:10 बजे तथा अनुमंडल कार्यालय पर प्रातः 9:15 बजे झंडोतोलन किया जायेगा। इसके बाद अन्य सभी सरकारी कार्यालयों पर झंडोत्तोलन होगा। अनुमंडलीय मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में सुबह 11:00 बजे झंडोत्तोलन होगा, जिसके पश्चात राष्ट्रगान तथा स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट होगा। इसके पश्चात विभिन्न सरकारी कार्यालयों द्वारा विभिन्न विषयों पर झांकी निकाली जायेगी। थाना नगर उंटारी द्वारा सड़क सुरक्षा पर, प्रखंड कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता पर, अंचल कार्यालय द्वारा आपदा प्रबंधन पर तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर झांकी निकाली जायेगी। इसके साथ ही पुलिस विभाग द्वारा एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा पर लोगों को जागरूक किया जायेगा। मार्च पास्ट का अभ्यास 12 और 13 अगस्त को अनुमंडलीय मैदान में होगा जबकि स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सूची प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को 12 अगस्त तक कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, अंचलाधिकारी अरुण मुंडा, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, विधायक प्रतिनिधि शहरी क्षेत्र अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, अमर राम, गदाधर पांडेय, डॉ सिद्धनाथ प्रसाद, दिनेश कुमार शुक्ला, अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेंद्र पांडेय, अनिल कुमार विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक शिवशंकर प्रसाद, शिवनारायण चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, नगर प्रबंधक रवि कुमार, शिक्षक कमलेश पांडेय सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का उद्घाटन



**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रियंका कुमारी ने बच्चे को ड्रॉप पिलाकर किया। प्रियंका ने बताया कि यह कार्यक्रम 7 अगस्त से 14 अगस्त तक केतार खरौंधी व भवनाथपुर प्रखंड में चलेगा। 362 बच्चों को चिन्हित कर टीका लगाया जाएगा। इसमें 20 एएनएम, एमपीडब्ल्यू, बीटीटी, सहिया साथी व सहिया को लगाया गया है। मौके पर डॉक्टर रंजन दास, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप पाठक, अनूप कुमार, अरुण लकड़ा, कमल सैनी, अनुज आदि उपस्थित थे।

### दो दिवसीय प्रतियोगिता बिहार के औरंगाबाद में आयोजित की गयी थी

# बोकारो की टीम को हराकर विद्या मंदिर लोहरदगा बना क्षेत्रीय वॉलीबॉल चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
शील अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा 34वें क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर बोकारो को हराकर चैंपियन बना। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता बिहार के औरंगाबाद में आयोजित की गयी थी। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक आचार्य जो धन सिंह के मार्गदर्शन में विद्या मंदिर की टीम ने यह गौरव प्राप्त किया। इस जीत से विद्या मंदिर के साथ-साथ लोहरदगा जिला एवं विद्या विकास समिति झारखंड का भी गौरव बढ़ा।

इस प्रतियोगिता में बिहार एवं झारखंड राज्य के विद्या मंदिरों के प्रतिभागी भाग लिए थे। इस टीम में मोहित कुमार प्रजापति (कप्तान), संजीत उरांव, अनीश उरांव, मनीष उरांव, अमन उरांव, सुजल उरांव, पियूष भगत, विनय उरांव एवं कार्तिक पाहन शामिल थे। विद्या मंदिर की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर टीम की सफलता के लिए शुभकामना देने वालों में उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्रीय /प्रदेश मंत्री रामअवतार नारसरिया, क्षेत्रीय सचिव नकुल शर्मा, विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सह सचिव अश्विनी कुमार, शिक्षाविद कृष्णा प्रसाद, डॉ शशि गुप्ता, सदस्य शोभा देवी, जीतराम बड़ाईक, पुष्कर महतो, पूनम मिश्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे सहित संकुल के सभी प्रधानाचार्य, विद्यालय के सभी आचार्य /आचार्या एवं अभिभावक गण शामिल थे। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि यह उपलब्धि टीम के सभी सदस्यों का कठिन परिश्रम एवं मार्गदर्शक शिक्षक के मार्गदर्शन का परिणाम है।

# इंतजार खत्म, 13 से लोहरदगा स्टेशन पर रुकेगी राजधानी

### लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे




**राहुल कौशल। लोहरदगा**
लोहरदगा वासियो के लिए 13 अगस्त के दिन बहुत ही खुशनुमा दिन होने वाला है। लोहरदगा वासियो का लंबा इंतजार अब समाप्त होने वाला है क्योंकि 13 अगस्त से लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर बहुप्रतीक्षित राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित होगा। इसको लेकर रेलवे बोर्ड ने विगत 24 जुलाई को ही अधिसूचना जारी कर दी थी। लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से इसकी तारीख को आगे बढ़ा दिया गया था। अब संशोधित तिथि 13 अगस्त है। लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस को लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन लोहरदगा के रास्ते रांची से नई दिल्ली और दो दिन नई दिल्ली से रांची लोहरदगा होते हुए जाएगी। राजधानी एक्सप्रेस के लोहरदगा में ठहराव होने पर यहाँ की अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी। लोहरदगा के अलावे इस स्टेशन से नई दिल्ली के लिए गुमला, सिमडेगा और लातेहार के यात्री भी लोहरदगा आएंगे। इधर राजधानी एक्सप्रेस के लोहरदगा में ठहराव को लेकर लोहरदगा रेलवे स्टेशन में तैयारियां शुरू कर दिया गया है। स्टेशन मास्टर ने बताया कि राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर प्लेटफार्म नम्बर दो और तीन का निर्माण किया गया है। वही यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। गौरतलब है कि रांची से नई दिल्ली के लिए राजधानी एक्सप्रेस का संचालन होता है जो लोहरदगा होकर ही यह ट्रेन नई दिल्ली को जाती है। लेकिन लोहरदगा स्टॉपेज नही होने के कारण यहाँ के यात्रियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इसको लेकर लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत लगातार रेल मंत्री को पत्राचार किये और उनके अथक प्रयास से यह संभव हो सका।

# मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में घर-घर मतदाताओं का सत्यापन कार्य में कम उपलब्धि हासिल करनेवाले सुपरवाइजर को 14 अगस्त तक 70 प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण करने, 60 प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण करनेवाले सुपरवाइजर को सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। नए मतदाता समेत विभिन्न फार्म की संख्या बढ़ाये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, जो फार्म प्राप्त हो गये हैं उनकी ऑनलाईन इंट्री सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। जिन मतदाताओं का फोटो खराब है उन्हें बदलने का निर्देश दिया गया। सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अरविंद कुमार लाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, सहायक निर्वाचक पदाधिकारी, सभी सुपरवाईजर उपस्थित थे।

## बागवानी योजना के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

**लोहरदगा।** मनरेगा अंतर्गत प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय बागवानी योजना के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को सदर प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक तकनीकी पदाधिकारी, डीआरडीए सुनीता नीलमणि मिंज द्वारा बागवानी योजना के क्रियान्वयन एवं प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें बिरसा हरित ग्राम योजना के बारे बताया गया। इसके उपरांत बागवानी हेतु क्रय की जाने वाली सामग्रियों, पौधों का चयन, उनके रोपण का तरीका, पौधों को होने वाले रोगों से बचाने के तरीके बताए गए। साथ ही, पौधों के बेहतर वृद्धि की जानकारी दी गयी।

# सखी वन स्टॉप सेंटर ने भटकी महिला को परिजनों से मिलाया



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सखी वन स्टॉप सेंटर लोहरदगा के प्रयास से भटककर लोहरदगा आयी महिला को उसके परिजनों से मिलाया। जानकारी के अनुसार 27 जुलाई 2023 को सेन्हा थाना द्वारा भटकती हुई इस महिला को सखी वन स्टॉप सेंटर में आवासित किया गया था। महिला ने अपना नाम गीता देवी बताया परन्तु अपना पता नहीं बता पा रही थी।

कई चरणों की काउंसेलिंग उपरांत यह पता चल पाया कि महिला गोंडा जिला उत्तर प्रदेश की है। ततपश्चात जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूजा कुमारी के निर्देशानुसार संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार जिला बाल संरक्षण इकाई लोहरदगा और इम्तियाज खान आईटी इंजीनियर, सखी वन स्टॉप सेंटर लोहरदगा द्वारा अथक प्रयास करते हुए जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश के संरक्षण पदाधिकारी से समन्वय किया गया एवं महिला का फोटो और उससे प्राप्त अन्य जानकारी उनके साथ साझा किया गया। तत्पशचात संरक्षण पदाधिकारी गोंडा उत्तर प्रदेश द्वारा अपने जिले में महिला का विवरणी शेयर किया गया और पता चला कि महिला गोंडा जिले के रेहरा ग्राम की रहने वाली है। उसके बाद रैहरा के ग्राम प्रधान का नंबर उपलब्ध कराया गया एवं ग्राम प्रधान ने भरपूर सहयोग करते हुए महिला का घर पता किया और उसके पति से वीडियो कॉल के माध्यम उसकी पत्नी से बात करवाया। ग्राम प्रधान के द्वारा महिला के पति को लोहरदगा अपनी पत्नी को लेने के लिए भेजा गया था।

सोमवार को गोंडा, उत्तर प्रदेश की रहने वाली महिला को उनके पति व साथ आये रिश्तेदारों को सकुशल सौंपा गया। इस कार्य में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, स्टॉप सेंटर के आईटी इंजीनियर इम्तियाज खान, अनुरंजन कुमार जिला बाल संरक्षण इकाई एवं काउंसेलर कविता कुमारी, श्वेता कुजुर, शोएब अख्तर, ए.एस.आई अफना तिर्की, एएनएम प्रबिला कुमारी का सराहनीय योगदान रहा। महिला के पति अपनी पत्नी को सुरक्षित अपने साथ ले गए एवं लोहरदगा जिला प्रशासन को हृदय से धन्यवाद दिया।

# सहायक योजना पदाधिकारी को दी विदाई




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सहायक योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा को उनके दुमका जिला स्थानांतरण पर लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से विदाई दी गई। तिग्गा का पदस्थापन प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, दुमका के रूप में हुआ है। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, ने कहा कि शिशिर तिग्गा बहुत ही सुलझे हुए और उच्च शिक्षा प्राप्त किये पदाधिकारी हैं। एक सफल पदाधिकारी बनने के लिए नम्र स्वभाव बहुत ही जरूरी है। निर्वाचन कार्यों में इन्होंने बहुत ही अच्छे तरीके से अपने ने दायित्वों का निर्वहन किया। साथ ही, अन्य दिये हुए कार्यों को भी बहुत ही अच्छे तरीके से किया। उपायुक्त ने आनेवाले दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि एक पदाधिकारी के रूप में सभी को इस पड़ाव से गुजरना होता है। नये जिले में पदस्थापन हो रहा है। भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। सहायक योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा ने कहा कि तीन वर्षों में लोहरदगा जिले में बहुत कुछ सीखने को मिला। अभी बहुत कुछ और सीखना था इस जिले में लेकिन अब पदस्थापन स्वरूप यह जिला छोड़ना पड़ रहा है। तिग्गा लोहरदगा जिले में प्रभारी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के रूप में भी कार्य देख रहे थे। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अवर निबंधक सुभाष दत्ता समेत अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये।

# आई फ्लू संक्रमण से बचाव के लिये किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र में आई फ्लू संक्रमण का प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने कैंप का आयोजन कर जागरूकता के साथ बचाव हेतु लोगों को परामर्श दिया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए कहा कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत गांव के अलावे ज्यादा कर स्कूली बच्चों में आई फ्लू संक्रमण का प्रकोप देखने को मिला है। इसको लेकर स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से बचाव एवं सावधानी रखने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि आई फ्लू संक्रमण ऐसी बीमारी है जो एक दूसरे के संपर्क में आने से या संक्रमित व्यक्ति की सामग्री का इस्तेमाल करने से फैलती है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का लक्षण आंखों में दर्द, आंख का लाल होना, सूजन होना और आंख से पानी आना मुख्य है। इसको लेकर स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से उपचार एवं बचाव को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड शिक्षा परियोजना, के द्वारा समावेशी शिक्षा अंतर्गत शैक्षिक प्रशासकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के माता-पिता एवं समुदाय को संवेदीकृत कर समावेशी शिक्षा को सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न आयामों को समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सार्थक प्रयास किया गया।

बच्चों की शिक्षा को उत्कृष्ट बनाना लक्ष्य है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के पोषक क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमता अनुरूप उनकी दिव्यंगता के आधार पर पहचान करते हुए आवश्यक रणनीति निर्माण कर शिक्षा की मुख्य धारा में बनाए रखने का हर संभव हर स्तर से प्रयास किया जाना है।प्रशिक्षण उन्मुखीकरण के क्रम में जिला स्तरीय समावेशी शिक्षा विभाग प्रभारी अशोक पांडेय के द्वारा दिव्यांगता श्रेणी एवं दिव्यांगता श्रेणी की पहचान रणनीति निर्माण एवं विद्यालय में बनाए रखने हेतु विशेष चर्चा की गई। मास्टर प्रशिक्षक सत्येंद्र प्रकाश सिंह एवं सतीश कुमार प्रजापति के द्वारा ऐसे बच्चों के सूक्ष्म अवलोकन करते हुए विद्यालयों में बनाए रखने हेतु उपाय एवं गृह आधारित गृह आधारित प्रशिक्षण प्रशिक्षण में कैसे जुड़ा जाना है इस पर विशेष चर्चा की गई। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, रिसोर्सेस शिक्षक, थैरेपिस्ट एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## पेंशनर्स महासंघ का दिल्ली में धरना-सत्याग्रह 10 को

**लोहरदगा।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह ने बयान जारी कर बताया कि समूचे देश में तमाम केन्द्रीय एवं राज्य कर्मियों को ओल्ड पेंशन देने के लिए देश भर के केंद्रीय कर्मचारी, राज्य कर्मचारी एवं अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के सदस्यगण 10-अगस्त को रामलीला मैदान दिल्ली में धरना-सत्याग्रह करेंगे। इसमें वरिष्ठ नागरिक भी भाग लेंगे। झारखंड से 50 वरिष्ठ नागरिक धरना-सत्याग्रह में भाग लेने की तैयारी कर चुके हैं। सिंह ने बताया कि जन प्रतिनिधि मात्र पांच साल के लिए चुनकर विधान सभा एवं संसद में जाते हैं। पांच वर्षों सारी सुविधा फ्री के साथ वेतन तथा भत्ता भी लेते हैं और 5 वर्ष खत्म होने के बाद ओल्ड पेंशन भी लेते हैं। वहीं 2004 के बाद नियुक्त गजेटेड-ननगजेटेड कर्मचारियों को कुछ भी नहीं मिलता है। कर्मचारियों के साथ यह कैसा न्याय है?

**परंपरा**

## महिला शक्ति स्वरूपा ग्रुप ने किया सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों व महिलाओं की प्रस्तुतियों ने मोह लिया मन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
महिला शक्ति स्वरूपा शास्त्री चौक लोहरदगा के द्वारा सावन महोत्सव कार्यक्रम स्थानीय गुदरी बाजार मुद्रिका वेंकट हॉल लोहरदगा में ग्रुप की महिला निधि गुप्ता, रीमा साहू और खुशबू गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत महिला शक्ति स्वरूपा ग्रुप की लीडरशिप निधी गुप्ता द्वारा की गयी। कार्यक्रम से पहले इस सावन माह भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती और गणेश भगवान के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित, माल्यार्पण एवं गणेश वंदना से की गई।

कार्यक्रम का मंच संचालन सीमा चौधरी के द्वारा किया गया। इस सावन महोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा ग्रुप डांस, बच्चों का डांस, महिलाओं ने गाना एवं चिट प्रतियोगिता का भी आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुहल्ले की विभिन्न महिलाओं द्वारा इस कार्यक्रम का सहयोग किया गया। कार्यक्रम को समापन कराने में पूर्णिमा चौधरी, शांति केसरी, शशि कला सिंह, प्रियंका केसरी, अनीता गुप्ता, आयुषी गुप्ता, रूबी ठाकुर, आवर्ती गुप्ता, निक्की केसरी, अर्चना केसरी, आरती गुप्ता, स्वाति चौधरी, ज्योति साहू, बबीता केसरी, दीपा चौधरी, आकांक्षा शरार्फ आदि सदस्यों का अहम सहयोग रहा। निधी गुप्ता ने कहा कि सावन का महीना लोगों को ईश्वर से जुड़ने और भगवान की भक्ति के लिए सबसे उत्तम है। हर तरफ मंदिरों में लोगों की भीड़, भजन-कीर्तन की आवाज, मंत्रोच्चारण और बड़े-बड़े मेलों का आयोजन इस माह का महत्वता को और भी बढ़ा देता है। भारत में प्रसिद्ध भगवन शिव के भक्तों द्वारा किए जाने वाला कांवड़ यात्रा भी सावन के महीने में ही किया जाता है। सावन का महीना किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी समय किसान कई प्रकार के अनाज, सब्जी और फूल आदि की बुआई करते हैं। धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, सूरजमुखी और कई प्रकार की सब्जी आदि की बुआई सावन के महीने में किया जाता है।

## बिजली के करंट से युवक की हुयी मौत परिजन हुये बेसहारा

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड क्षेत्र के कैमो महुआ टोली में एक युवक की बिजली करंट लगने से मौत हो गई। मृतक कैमो महुआ टोली निवासी 35 वर्षीय किशोर उरांव के के परिवार ने बताया कि किशोर उरांव रात में खाना खाने के बाद लगभग नौ बजे अपने घर से धान रोपने हेतु पटवन के लिए बिजली चालित टुल्लू मशीन लेकर खेत गया था। काफी देर होने के बाद भी नहीं लौटा तो उसके मोबाइल पर कॉल किया। बार-बार कॉल करने पर रिसीव नहीं हुआ तब उसकी पत्नी दो लोगों को साथ लेकर खेत गई। वहां देखा कि किशोर उरांव जमीन पर गिरा पड़ा है और वह बायां हाथ के हथेली में बिजली का तार पकड़ा है। करंट लगने की बात समझकर वे लोग आनन फानन में सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन पुत्र छोड़ गए हैं। मृतक किशोर परिवार में एकमात्र कमानेवाला सदस्य था।

# लोस चुनाव व झारखंड

***झारखंड*** में अगले साल लोकसभा के तुरंत बाद विधानसभा के भी चुनाव होने हैं। इसलिए सभी अपनी-अपनी जमीन पुख्ता करने में लगे हुए हैं। एनडीए में दो दल भाजपा और आजसू पार्टी हैं तो विपक्षी गठबंधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा , कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) हैं। लगातार दो बार से लोकसभा चुनाव में एनडीए मजबूत बना हुआ है, लेकिन इस बार उसे पछाड़ने के लिए विपक्ष ने भी कम तैयारी नहीं की है। झारखंड में अभी गैर एनडीए यानी जेएमएम के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन की सरकार है। जेएमएम के सामने एक साथ दो चुनौतियां हैं। पहला, लोकसभा में एनडीए की सीटें कम करना और दूसरा विधानसभा में अपना वर्चस्व बचाए रखना। एनडीए के सामने भी यही दो चुनौतियां हैं। पहले की तरह लोकसभा की अधिकतर सीटों पर जीत हासिल करना और विधानसभा में खोया रुतबा हासिल करना। दोनों ओर से अपने-अपने मकसद में कामयाब होने के लिए जबरदस्त होड़ लगी है। जेएमएम की अगुआई वाले गठबंधन जेएमएम सरकार में कांग्रेस और आरजेडी भी शामिल हैं। जेएमएम के पास 30 विधायक हैं। आरजेडी का तो एक ही विधायक है, लेकिन कांग्रेस के 17 विधायक हैं। 82 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में कांग्रेस के पास कभी इतने विधायक नहीं रहे हैं। सरकार में भी कांग्रेस को वाजिब हिस्सेदारी मिली है। वित्त मंत्रालय जैसा महत्वपूर्ण विभाग कांग्रेस के ही पास है। सत्ता में रहने का लाभ कांग्रेस को हो सकता है। इसलिए कि उसके पास अब संसाधनों की कमी नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की छवि भी पहले से थोड़ी बेहतर हुई है। जहां तक जेएमएम की बात है तो सीएम हेमंत सोरेन ने कई ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर फैसले लिए हैं, जो न सिर्फ जेएमएम, बल्कि उसके सहयोगी दलों को भी लाभ दिला सकते हैं। हेमंत सोरेन सरकर ने 1932 के खतियान के आधार पर झारखंड की पुरानी मांग डोमिसाइल नीति का प्रस्ताव विधानसभा से पास करा कर आदिवासी समाज पर मनोवैज्ञानिक असर डाल दिया है। अगर विपक्ष जनता तक यह संदेश प्रचारित-प्रसारित करने में कामयाब रहा तो इसका लाभ उसे मिलना तय है। ओबीसी के आरक्षण की सीमा बढ़ाने का बिल भी हेमंत सरकार ने पास कराया, लेकिन राज्यपाल ने उसमें कमी इंगित करते हुए वापस कर दिया। इसका ठीकरा भी विपक्ष राज्यपाल पर ही फोड़ता है। हालांकि सभी जानते हैं कि ये दोनों कानून बने भी तो वे कोर्ट से खारिज हो जाएंगे। कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू कर हेमंत ने अपना नया वोट बैंक भी खड़ा कर लिया है। यानी उसके कोर वोटर बड़ी मुश्किल से विशेष परिस्थिति में ही इधर-उधर होते हैं। एनडीए डोमिसाइल-आरक्षण बिलों के बारे में यह सफाई देने की कोशिश करेगा कि सरकार जान-बूझ कर लोगों को गुमराह कर रही है। सरकार ने ऐसे विधेयक ही पास कराए, जिनमें कई तरह की कमियां हैं। सरकार की मंशा इन बिलों को कानून बनने देने की कभी रही ही नहीं। एनडीए के पास विपक्षी गठजोड़ को शिकस्त देने के लिए सबसे बड़ा हथियार हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के मामलों का उजागर होना है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जिस तरह मनरेगा घोटाला, जमीन घोटाला, खनन घोटाला और बिचौलिया कल्चर का पदार्फाश किया है, उसे एनडीए ने ठीक से भुनाया तो फायदा हो सकता है। ऐसे में एनडीए मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में दिख रही है।

**पहले की तरह लोकसभा की अधिकतर सीटों पर जीत हासिल करना और विधानसभा में खोया रुतबा हासिल करना। दोनों ओर से अपने-अपने मकसद में कामयाब होने के लिए जबरदस्त होड़ लगी है। जेएमएम की अगुआई वाले गठबंधन जेएमएम सरकार में कांग्रेस और आरजेडी भी शामिल हैं।**

# वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकारें





ललित गर्ग

***विश्व*** वरिष्ठ नागरिक दिवस समाज एवं परिवार के निर्माण की दिशा में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किये गये प्रयासों को मान्यता देने के लिए मनाया जाने वाला एक प्रयोजनात्मक अवसर एवं उत्सव है। यह दिन उन तरीकों को खोजने के लिए भी मनाया जाता है कि कैसे समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षाओं एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है। संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन द्वारा प्रारंभ किये इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य संसार के बुजुर्ग लोगों को सम्मान देने के अलावा उनकी वर्तमान समस्याओं के बारे में जनमानस में जागरूकता बढ़ाना है। प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। नये विश्व की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है। परिवार के वृद्ध हमें कभी बोझ के रूप में दिखाई न दें, हमें यह कभी नहीं सोचना है कि इनकी उपस्थिति हमारी स्वतंत्रता को बांधित करती है। उन्हें पारिवारिक धारा में बांधकर रखा जाये। लेकिन हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। सुधार की संभावना हर समय है। हम पारिवारिक जीवन में वृद्धों को सम्मान दें, इसके लिये सही दिशा में चले, सही सोचें, सही करें। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति एवं परिवार-क्रांति की जरूरत है। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। कटू सत्य है कि वृद्धावस्था जीवन का अनिवार्य सत्य है। जो आज युवा है, वह कल बूढ़ा भी होगा ही, लेकिन समस्या की शुरूआत तब होती है, जब युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों को उपेक्षा की निगाह से देखने लगती है और उन्हें अपने बुढ़ापे और अकेलेपन से लड़ने के लिए असहाय छोड़ देती है। आज वृद्धों को अकेलापन, परिवार के सदस्यों द्वारा उपेक्षा, तिरस्कार, कटुक्तियां, घर से निकाले जाने का भय या एक छत की तलाश में इधर-उधर भटकने का गम हरदम सालता रहता। वृद्ध लोगों के लिये यह जरूरी है कि वे वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं। वृद्ध समाज इतना कुंठित एवं उपेक्षित क्यों है, एक अहम प्रश्न है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उन्हें वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू करना चाहिए, ताकि वृद्धों की प्रतिभा, कौशल एवं अनुभवों का नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में समुचित उपयोग हो सके एवं आजादी के अमृतकाल को वास्तविक रूप में अमृतमय बना सके। अपने को समाज एवं परिवार में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण वृद्ध सर्वाधिक दुःखी रहता है। वृद्ध समाज को इस दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाने के लिये सरकार के द्वारा ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय है। यह सच्चाई है कि एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है यानि वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है, यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है, जिसे आज की तथाकथित युवा तथा उच्च शिक्षा प्राप्त पीढ़ी बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में छोड़ देती है। वह लोग भूल जाते हैं कि अनुभव का कोई दूसरा विकल्प दुनिया में है ही नहीं। अनुभव के अखूट खजाने के सहारे ही दुनिया भर में बुजुर्ग लोगों ने अपनी अलग दुनिया बना रखी है। जिस घर को बनाने में एक इंसान अपनी पूरी जिंदगी लगा देता है, वृद्ध होने के बाद उसे उसी घर में एक तुच्छ वस्तु समझ लिया जाता है। बड़े बूढ़ों के साथ यह व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गये हैं। बुजुर्गों के साथ होने वाले अन्याय के पीछे एक मुख्य वजह सामाजिक प्रतिष्ठा मानी जाती है। तथा कथित व्यक्तिवादी एवं सुविधावादी सोच ने समाज की संरचना को बदसूरत बना दिया है। सब जानते हैं कि आज हर इंसान समाज में खुद को बड़ा दिखाना चाहता है और दिखावे की आड़ में बुजुर्ग लोग उसे अपनी शान-शौकत एवं सुंदरता पर एक काला दाग दिखते हैं। आज बन रहा समाज का सच डरावना एवं संवेदनहीन है। आदमी जीवनमूल्यों को खोकर आखिर कब तक धैर्य रखेगा और क्यों रखेगा जब जीवन के आसपास सबकुछ बिखरता हो, खोता हो, मिटता हो और संवेदनाशून्य होता हो। डिजरायली का मार्मिक कथन है कि यौवन एक भूल है, पूर्ण मनुष्यत्व एक संघर्ष और वार्धक्य एक पश्चाताप। वृद्ध जीवन को पश्चाताप का पर्याय न बनने दे। संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता।

**वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा चंद्रगुप्त मौर्य की*

***बहन*** भी समझदार थी इसलिए उसने अपने बच्चे को किसी अच्छे घर के आस-पास छोड़ आने का निश्चय कर लिया ताकि उसका भली-भांति पालन-पोषण हो सके। यही सोचकर वह प्रसव के बाद अपनी ममता का बंधन तोड़कर नवजात पुत्र को उक्त अहीर के बाड़े में छोड़ने के लिए आयी थी। वह जानती थी कि यह अहीर दयालु है। इसलिए बच्चा अच्छी तरह यहीं पल सकेगा और आंखों के सामने भी रहेगा। यही बालक आगे चलकर चंद्रगुप्त मौर्य के नाम से भारत राष्ट्र के सम्राट पद पर बैठा और अपना ही नहीं देश का नक्शा भी बदल कर रख दिया। चंद्रगुप्त के पिता मौर्य वंशीय क्षत्रिय थे। जब वह गर्भ में था तभी वे एक लड़ाई में मारे गये। बचपन से ही बालक चंद्रगुप्त को विपत्तियां और कठिनाइयां देखनी पड़ी। जिस अहीर के पास मां ने अपने बेटे को छोड़ा था वह भी बड़ा लोभी निकला। चंद्रगुप्त जब बड़ा हो गया तो गांव में एक दिन कोई शिकारी आया। चंद्रगुप्त अपने घर के सामने ही खेल रहा था। दूध मिलता था खूब पीने के लिए और दिन भर खेलना-कूदना। बेफिक्री और अच्छे भोजन ने चंद्रगुप्त को परिपुष्ट शरीर प्रदान किया। शिकारी निःसंतान था इसलिए उसने निश्चय किया कि इस बच्चे को अपना बेटा बनाना चाहिए। शिकारी ने आस-पास के पड़ोसियों से चंद्रगुप्त के बारे में पूछताछ की तो पता चला कि यह बालक उस अहीर का अपना बेटा नहीं है और प्रयत्न किया जाय तो असंभव नहीं है कि वह उसे देने के लिए राजी हो जाये। शिकारी ने समझ-बूझ से अहीर के सामने इच्छा व्यक्त की। अहीर ने कह दिया कि चंद्रगुप्त पर किया गया अभी तक का खर्च कोई चुका दे तो वह उसे चुकाने वाले को सौंप देगा। शिकारी ने अहीर को काफी धन देकर चंद्रगुप्त को अपने साथ ले जाने के लिए तैयार कर लिया।

*(क्रमशः)*

# यह नये भारत का नया व भव्य रेलवे है



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है। दूसरी तरफ विपक्ष के गठबंधन ने शब्दों के जुगाड़ से अपने लिए इंडिया नाम गढ़ लिया है। लेकिन उनकी कल्पना के इस इंडिया में विकास की कोई बात नहीं होती। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। इसकी कार्ययोजना पर कार्य प्रगति पर है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी कि भारत विकसित होने के लक्ष्य की तरफ कदम बढ़ा रहा है। इसमें रेलवे का विकास का शामिल है। भारतीय रेलवे के इतिहास में नया अध्याय जुड़ा। अमृत भारत रेलवे स्टेशन अभियान के अंतर्गत 1300 स्टेशन विकसित किये जायेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस परियोजना का शुभारंभ किया। इसमें से 508 अमृत भारत स्टेशनों के पुर्ननिर्माण का काम शुरू हो रहा है। इन अमृत भारत स्टेशन के नवनिर्माण पर करीब पच्चीस हजार करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। यह नया भारत है। सभी अमृत स्टेशन ग्रीन बिल्डिंग्स के मानकों को पूरा करेंगे। अगले करीब छह वर्षों में भारत की रेलवे नेट जीरो एमिशन पर चलेगी। इसके साथ विपक्ष का इंडिया विकास को मुद्दा क्यों नहीं बनाना चाहता, यह भी स्पष्ट हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने नौ वर्षों के दौरान रेलवे से सम्बन्धित कार्यों का उल्लेख किया। इतने मात्र से यूपीए सरकार बहुत पीछे छूट गई। नौ वर्षों के दौरान रेलवे में रिकॉर्ड धनराशि का निवेश किया गया। चालू वर्ष के लिए रेलवे को ढ़ाई लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट दिया गया है। ये बजट नौ वर्ष पहले की तुलना में पांच गुना ज्यादा है। रेलवे का समग्र विकास किया जा रहा है। लोकोमोटिव्स उत्पादन में भी नौ वर्ष के दौरान नौ गुना की वृद्धि हुई है। आज देश में पहले की अपेक्षा 13 गुना ज्यादा कोच बन रहे हैं। नौ वर्ष में सोलर पैनल से बिजली बनाने वाले रेलवे स्टेशनों की संख्या भी 1200 से ज्यादा हो गई है। सभी स्टेशन ग्रीन एनर्जी बनायेंगे। ट्रेनों के करीब सत्तर हजार कोच में एलईडी लाइट्स लगाई जा चुकी हैं। ट्रेनों में बायो टॉयलेट की संख्या नौ वर्ष पहले के मुकाबले अब 28 गुना ज्यादा हो गई है। इस सबसे विकास में पिछली सरकारों की विफलता का अनुमान लगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि पूर्ववर्तियों के भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण के चलते विकास और लोक कल्याण के कार्य उपेक्षित हुए। ऐसी सरकारें दायित्व का निर्वाह नहीं कर सकतीं। आज यही लोग नये भारत की विकास यात्रा में बाधा पैदा कर रहे हैं। विपक्ष का एक धड़ा आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहा है। देश ने आज की और भविष्य की जरूरतों की चिंता करते हुए संसद की आधुनिक इमारत बनवाई। इस धड़े ने इसका भी विरोध किया। कर्तव्यपथ का विकास किया तो उसका भी विरोध किया गया। इन लोगों ने सत्तर साल तक वीर शहीदों के लिए वार मेमोरियल तक नहीं बनाया। हमने नेशनल वार मेमोरियल बनवाया, आलोचना करते वक्त इनको शर्म तक नहीं आई। सरदार वल्लभ भाई पटेल स्टेच्यू ऑफ यूनिटी आज दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति है। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है। कुछ राजनीतिक दल चुनाव के समय तो सरदार साहब को याद कर लेते हैं। लेकिन, आज तक इनका एक भी बड़ा नेता इस भव्य प्रतिमा के दर्शन करने नहीं गया।


**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है। इसकी कार्ययोजना पर कार्य प्रगति पर है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं।**

**रेलवे**

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# किसे नामंजूर है यूनिफॉर्म सिविल कोड?



आर.के.सिन्हा

***आप*** देख ही रहे होंगे कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी 'समान नागरिक संहिता' को लागू करने की कोशिशें फिर से शुरू होते ही कठमुल्ला मुसलमान और कई तरह के राष्ट्रविरोधी और अलगाववादी तत्व लामबंद होने लगे हैं। वे कहने लगे हैं कि वे इस कानून को कतई स्वीकार नहीं करेंगे। इसके साथ ऐसे लोग भी इसका विरोध कर रहे हैं जो कुछ वर्षों से दलित-मुस्लिम एकता के बड़े पैरोकार होने का दावा करते हैं। अब उन्हें यह कौन बताये कि बाबा साहेब आम्बेडकर ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को देश के लिये निहायत जरूरी बताया था। बाबा साहेब ने 23 नवंबर 1948 को संविधान सभा की बहस में यूनिफॉर्म सिविल कोड के हक में जोरदार भाषण दिया था। जो मुसलमान मुस्लिम पर्सनल लॉ के लिए मरने-मारने की बातें कर रहे हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए कि उन्हें शरीयत कानून इतना ही प्रिय है तो वे बैंकों से मिलने वाले ब्याज को क्यों लेते हैं। इस्लाम में तो ब्याज लेने पर रोक है। शराब क्यों पीते हैं ? जाहिर है, वे इस सवाल को सुनते ही पतली गली से आगे निकल जाते हैं। यकीन मानिये कि अंधकार युग में जीने की हसरत रखने वाले इन वालों को यह भी सुनना पसंद नहीं है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड अमेरिका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्त्र, आयरलैंड आदि देशों में भी पहले से ही लागू हैं। यानी अमेरिका जैसा संसार का सबसे अहम देश यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू कर चुका है और अनेक इस्लामिक देश भी इसके प्रति निष्ठा रखते हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। कुछ कठमुल्लों के अलावा यूनिफॉर्म सिविल कोड का कहीं कोई विरोध भी नहीं है। अपने को मुसलमानों का प्रवक्ता बताने वाले ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से कहा जा रहा है कि संविधान निर्माताओं ने मजहबी आजादी को बरकरार रखा था। लोकतांत्रिक देश में किसी पर एक कानून थोपना उसूलों के खिलाफ है। जैसे दक्षिण भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले मामा-भांजी से शादी करते हैं । लेकिन, यह उत्तर भारत में नहीं होता है। ऐसे बहुत से मामले में है जिनमें इस कानून के तहत विरोध नजर आयेगा। ये बहुत लुंज-पुज तर्क है। एक बात नोटिस करें कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कभी वक्फ संपत्तियों में होने वली लूट पर कोई बयान नहीं देता। देश में वक्फ की संपत्तियों को दोनों हाथों से कब्जाया जा रहा है। पर मजाल है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कभी इसके खिलाफ बोले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसले को कुछ समय पहले भोपाल में उठाया। तब ही से इस प्रश्न पर बहस छिड़ी हुई है। पर, ये मुद्दा कोई नया तो नहीं है। कई दशकों से इस पर बहस चल रही है। सुप्रीम कोर्ट भी कुछ मामलों में इसका जिक्र कर चुका है। जिनमें से सबसे पहला और बड़ा मामला इंदौर की बुजुर्ग महिला शाहबानो का है। जिसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ को दरकिनार करते हुए हाई कोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था। दरअसल मोदी सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए तीन तलाक को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा था कि इससे मुस्लिम महिलाओं को सबसे बड़ी राहत देने का काम हुआ है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि तीन तलाक के कानून बनने के बाद 95 प्रतिशत ऐसे मामले बंद हो गये। इसे यूनिफॉर्म सिविल कोड से जोड़कर देखा गया। तब कहा गया कि सरकार की तरफ से यूनिफॉर्म सिविल कोड की तरफ पहला कदम बढ़ा लिया गया है।

**जैसे दक्षिण भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले मामा-भांजी से शादी करते हैं । लेकिन, यह उत्तर भारत में नहीं होता है। ऐसे बहुत से मामले में है जिनमें इस कानून के तहत विरोध नजर आयेगा।**

**समान नागरिक संहिता**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बेबी की देखभाल में न करें ये गलतियां

मां बनने के बाद महिलाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती हैं क्योंकि नन्हीं सी जान को अगर अच्छे से देखभाल न मिले तो वह बीमार होने लगते हैं। सिर्फ शारीरिक नहीं बल्कि बच्चे का मानसिक रुप से ध्यान रखना भी काफी जरुरी है। नन्ही जान को नहलाने से लेकर उसे खाना खिलाने तक महिलाओं का सावधानी बरतने की जरुरत होती है। इसके अलावा आज आपको कुछ ऐसे आसान तरीके बताते हैं जिनके जरिए आप अपने न्यू बॉर्न बेबी को अच्छी केयर दे सकते हैं।

## न पहनाएं बच्चे को ज्यादा कपड़े

नई मांए बच्चे की देखभाल करने के लिए उन्हें कई बार ज्यादा कपड़े पहना देती हैं लेकिन एक्सपट्र्स की मानें तो बच्चों को भी पेरेंट्स के जितनी ही ठंड और गर्मी लगती है। हां बच्चे को ढक कर रखना जरुरी है परंतु गर्मियों में ज्यादा गर्म कपड़े और सर्दियों में उन्हें ज्यादा कपड़े न डालें। इस तरह भी बच्चे कई बार बीमार हो सकते हैं।

## नाल का भी रखें ध्यान

नए जन्म बच्चों के शरीर में नाल लगी होती है ऐसे में इसका ध्यान रखना भी जरुरी होता है क्योंकि इसे सूखने में समय लगता है। नाल उतरने तक बच्चे को ना नहलाएं। कॉटन के कपड़े को पानी में भिगोकर आप बच्चे का शरीर साफ कर सकते हैं लेकिन बच्चे की नाल के साथ छेड़छाड़ न करें इससे इसमें चोट आ सकती है जिससे शिशु के लिए समस्या खड़ी हो सकती है।

## नहलाते समय बरतें सावधानी

शिशु को नहलाते समय भी सावधानी बरतें। हफ्ते में 3 बार से ज्यादा बच्चे को न नहलाएं क्योंकि उनकी स्किन बहुत ही नाजूक होती है नियमित साबुन और शैंप शरीर पर इस्तेमाल करने से उनकी त्वचा ड्राई हो सकती है। इसके अलावा बच्चे को नहाने के लिए हमेशा गुनगुना पानी ही इस्तेमाल करें। बेबी



प्रोडक्ट्स लगाते समय बच्चे का ध्यान रखें। इसके अलावा उन पर सीधा पानी न डालें। हाथों को गीला करके बच्चे का चेहरा साफ करें। जब बच्चा नहा ले तो उसके शरीर को पहले अच्छे से सूखने दें। इसके बाद ही उन्हें कोई कपड़ा पहनाएं।

## ब्रेस्टफीडिंग का रखें ध्यान

अभी अभी अगर आप मां बनी हैं तो इस बात को न भूलें कि बच्चे के लिए ब्रेस्टफीडिंग कितनी जरुरी है। एक्सपट्र्स की मानें तो हर 2-3 घंटे के बाद बच्चे को मां का दूध जरुर पिलाएं। यदि आपको लग रहा है कि आपको दूध पूरा नहीं आ रहा है तो एक बार एक्सपट्र्स की सलाह लें। इसके अलावा बच्चे के लिए हेल्दी डाइट भी जरुरी है।

## दूध पिलाने के बाद दिलाएं डकार

बच्चे को दूध पिलाने के बाद डकार दिलवाना भी बहुत जरुरी है क्योंकि दूध पीने के दौरान बच्चे के पेट में हवा भर जाती है ऐसे में अगर उन्हें डकार न दिलवाएं तो यह हवा बढ़ जाती है जिसके कारण बच्चा दूध उलट सकता है। इसलिए बच्चे को दूध पिलाने के बाद उसे कंधे पर लेकर पीठ सहलाएं। यह शिशु को डकार दिलवाने का एक आसान तरीका है।

# तेल व सीरम बालों के लिए क्या है ज्यादा फायदेमंद



अगर आपको लगता है हेयर ऑयल और हेयर सीरम एक ही है, तो बता दें कि दोनों में फर्क होता है। तेल जहां स्कैल्प में लगाया जाता है, तो वहीं सीरम बालों में अप्लाई किया जाता है। बालों में तेल का इस्तेमाल कई सालों से किया जाता रहा है। तेल बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। ऑलिव ऑयल से लेकर नारियल तेल तक आप इस्तेमाल कर सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे। क्या आप भी अपने बालों में हेयर सीरम का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन बहुत सारे लोग सीरम और हेयर ऑयल के बीच का फर्क नहीं जानते हैं।

## तेल और सीरम में फर्क


अगर आपको लगता है कि तेल और सीरम दोनों एक ही चीज हैं। तो बता दें कि तेल और सीरम दोनों एक चीज नहीं है। तेल और सीरम दोनों अलग प्रोडक्ट हैं। सिर के स्कैल्प पर तेल का इस्तेमाल कि जाता है। यह आपके बालों को नरिशमेंट का काम करता है। वहीं हेयर सीरम का उपयोग बालों पर किया जाता है। सीरम का इस्तेमाल करने से बाहरी तत्वों जैसे धूल, गर्म हवा और प्रदूषण आदि से बालों को प्रोटेक्ट करते हैं।

## हेयर सीरम लगाने से होने वाले फायदे

हेयर सीरम लगाने से बालों में शाइन आती है। ऐसे में अगर आपके बालों की शाइन खो गई है, तो हेयर सीरम आपको बालों की खोयी हुई चमक वापस लाने में फायदमंद हो सकता है। स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करने पर और बालों की अच्छे से देखभाल न करने पर बाल ड्राई हो जाते हैं। इसलिए बालों मुलायम करने के लिए हेयर सीरम का इस्तेमाल किया जाता है। अगर आपके बाल भी फ्रिजी रहते हैं तो बालों में सीरम अप्लाई करना चाहिए। इससे बालों की फ्रिजीनेस कम होगा। हीट डैमेज से बालों के बचाने के लिए सीरम काम आता है। इसलिए बालों को स्टाइल करने से पहले सीरम का इस्तेमाल करना चाहिए। जरूरत से ज्यादा बालों के उलझने पर आप हेयर सीरम का इस्तेमाल कर सकते हैं। सीरम अप्लाई करने से बाल कम उलझते हैं। बाजार में आपको बालों से संबंधित अलग-अलग समस्या के लिए सीरम मिल जाएगा। आप अपने हेयर टाइप के हिसाब से सीरम खरीद सकते हैं।

## बालों में तेल अप्लाई करने के फायदे

बालों में तेल लगाने से दोमुहे बालों की समस्या नहीं होती है। इसलिए हेयर केयर रूटीन में आपको तेल जरूर शामिल करना चाहिए। बता दें कि अगर आप रोजाना हेयर ऑयलिंग करती हैं, तो इससे बालों का रंग काला होता है। बालों को काला करने के लिए नारियल तेल के इस्तेमाल की सलाह दी जाती है। तेल बालों की ग्रोथ के लिए भी फायदेमंद होता है। बालों में तेल लगाने से यह बढ़ने लगते हैं। बालों को हेल्दी और स्ट्रांग बनाए रखने के लिए हेयर ऑयलिंग जरूरी मानी जाती है।



# बच्चे को खुश रहना सिखाते हैं दादा-दादी

दादा-दादी के साथ बच्चों का एक अलग ही प्यार होता है। बच्चे अपने ग्रैंडपेरेंट्स के साथ दिल से जुड़े होते हैं। खासकर ऐसे बच्चे जिनको अपने दादा-दादी का प्यार मिले वह जिंदगी को और भी अच्छे से जी पाते हैं क्योंकि वह अपनी जिंदगी की शिक्षाएं बच्चों को भी देते हैं। जब पेरेंट्स अपने काम में व्यस्त होते हैं तो उस समय दादा-दादी ही होते हैं जो बच्चों की अच्छे से देखभाल करते हैं। हाल ही में सामने आए शोध में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि दादा-दादी के साथ इमोशनल रुप से जुड़ने से बच्चों में उदास होने का खतरा कम होता है।

**बच्चों का डिप्रेशन दूर करते हैं ग्रैंड पेरेंट्स :** दादा-दादी के साथ बच्चों का एक अलग ही प्यार होता है। बच्चे अपने ग्रैंडपेरेंट्स के साथ दिल से जुड़े होते हैं। खासकर ऐसे बच्चे जिनको अपने दादा-दादी का प्यार मिले वह जिंदगी को और भी अच्छे से जी पाते हैं क्योंकि वह अपनी जिंदगी की शिक्षाएं बच्चों को भी देते हैं। जब पेरेंट्स अपने काम में व्यस्त होते हैं तो उस समय दादा-दादी ही होते हैं जो बच्चों की अच्छे से देखभाल करते हैं। हाल ही में सामने आए शोध में भी इस बात का खुलासा हुआ है कि दादा-दादी के साथ इमोशनल रुप से जुड़ने से बच्चों में उदास होने का खतरा कम होता है। जब बच्चे अपने दादा-दादी के साथ समय बिताते हैं तो वे खुद को भी व्यस्त रखते हैं। इसके अलावा इससे बच्चे की स्थिरता और सुरक्षा की भावना भी दादा-दादी के साथ महसूस करते हैं।


**जीवन की परेशानियों से लड़ने की सीख :** शोध में इस बात का खुलासा भी हुआ है कि दादा-दादी के साथ बच्चों के यदि अच्छे रिश्ते हो तो इससे उन्हें जीवन की दर्दनाक परेशानियों से निपटने में मदद मिलती है। इस शोध में 1500 से ज्यादा बच्चे शामिल किए गए थे। इस शोध में साबित हुआ कि यदि माता-पिता नियमित रुप से अपने बच्चों के जीवन में दादा-दादी को शामिल करते हैं तो बच्चों का अपने ग्रैंड पेरेंट्स के साथ एक इमोशनल बॉन्ड विकसित होता है।

**बढ़ता है बच्चों में आत्मविश्वास :** जब बच्चे अपने दादा-दादी के साथ होते हैं तो वह प्यार, आत्मविश्वास जैसी कई सारी चीजें सीखते हैं। इससे वह हर स्थिति को भी आसानी से हैंडल कर पाते हैं और उनके अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ता है। बच्चे इससे अपने आपको साहसी महसूस करने लगते हैं।

**पेरेंट्स भी रहते हैं रिलैक्स :** माता-पिता को भी इस बात का एहसास होता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ हैं। ऐसे में वह भी टैंशन फ्री रहते हैं। माता-पिता के काम पर चले जाने के बाद बच्चे अपने ग्रैंड पेरेंट्स के साथ समय बिताते हैं उनके साथ कंफर्टेबल महसूस करते हैं और उन्हें यह भी पता होता है कि दादा-दादी के साथ वह एकदम सेफ रहेंगे। वहीं बच्चे भी दादा-दादी के साथ ज्यादा अच्छे से खुलते हैं और पेरेंट्स की जगह वह उनके साथ अच्छे से मिक्स हो जाते हैं।

# कोरियंस जैसी ग्लोइंग स्किन पाने के लिए घर पर फेस सीरम

बदलते ब्यूटी ट्रेंड में इन दिनों कोरियन ग्लास स्किन को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इसलिए अगर आप भी कोरियन जैसी ग्लास स्किन पाना चाहती हैं, तो इसके लिए फेस सीरम को चेहरे पर अप्लाई कर सकती हैं। स्किन की देखभाल करने के लिए मार्केट से कई सारे प्रोडक्ट्स खरीदते हैं। लेकिन बदलते ब्यूटी ट्रेंड में इन दिनों कोरियन ग्लास स्किन को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। वहीं कोरियन जैसी ग्लास स्किन पाने के लिए आपको मार्केट में कई ऐसे प्रोडक्ट मिल जाएंगे। लेकिन इन प्रोडक्ट्स को बनाने के दौरान बहुत सारे केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। ब्यूटी प्रोडक्ट्स में शामिल यह केमिकल आपकी त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकता है। इसलिए अगर आप भी कोरियन जैसी ग्लास स्किन पाना चाहती हैं, तो इसके लिए फेस सीरम को चेहरे पर अप्लाई कर सकती हैं। फेस सीरम बनाने की विधि बेहद आसान हैं और इसे आप काफी आसानी से बना सकती हैं। इसको चेहरे पर अप्लाई करने से आपको कोरियन जैसी ग्लास स्किन मिलेगी।



## फेस सीरम बनाने की सामग्री

एलोवेरा
चावल का पानी
विटामिन-ई की कैप्सूल

एलोवेरा के फायदे
एलोवेरा स्किन के रूखेपन को कम करने में सहायक होता है।
इसके साथ ही यह स्किन की डीप क्लीनिंग करता है।
इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स स्किन को पोषण देने में मदद करते हैं।

चावल का पानी के फायदे
चावल का पानी स्किन को लचीला बनाए रखने में मदद करता है।
यह एंटी एजिंग साइंस को रोकने में भी सहायक है।
स्किन को ग्लोइंग बनाने में मदद करता है।
चावल का पानी पिगमेंटेशन की समस्या को कम करता है।

विटामिन ई के फायदे
त्वचा में मौजूद सेल्स को विटामिन-ई जीवनदान देने में मदद करता है।
त्वचा को मॉइश्चराइज करने के लिए विटामिन ई फायदेमंद होता है।
तत्व त्वचा को साफ कर डॉर्क स्पॉट्स को कम करता है।

ऐसे बनाएं फेस सीरम
यदि आप भी कोरियन जैसी ग्लास स्किन पाना चाहती हैं। तो इसके लिए एक मुठ्ठी चावल उबाल कर उसका पानी निकाल लें।
जब यह पानी ठंडा हो जाए, तो इसे किसी बाउल में निकाल लें।
अब उस चावल के पानी में एलोवेरा जेल और विटामिन ई कैप्सूल मिलाकर अच्छे से मिक्स कर लें।
मिक्स करने के बाद इसे ड्रॉपर वाली छोटी बोतल में भर लें।
इस तरह से आपका फेस सीरम बनकर तैयार है।
फेस को ठंडक पहुंचाने के लिए आप इसे थोड़े समय के लिए फ्रिज में भी रख सकती हैं।
इस फेस सीरम का इस्तेमाल रोजाना दिन में कम से कम 3 बार तक करें।

❖ अनन्या मिश्रा

## सूडोकु नवताल- 6785

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6784 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## दैनिक पंचांग

**08 अगस्त 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.17 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कन्या | 08.29 बजे से |
| मंगल | सिंह में | तुला | 10.40 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 12.55 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 15.11 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | मकर | 17.16 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 19.02 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 20.35 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 22.06 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 23.46 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मिथुन | 01.44 बजे से |
| बजे तक | | कर्क | 03.57 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 220 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** अधि.श्रावण **पक्ष** शुक्ल **तिथि** अष्टमी 03.53 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 01.32 बजे रात्र को समाप्त। **योग** गण्ड 16.41 बजे को समाप्त। **करण** बालव 15.59 बजे तदनन्तर कौलव 03.53 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 21.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 16° 16' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871699 **जूलियन दिन** 2460164.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 20 **विशेष** श्रावण अधिक मंगला गौरी व्रत, कालाष्टमी, कृष्ण जन्माष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7847



**बाएँ से दाएँ**
1. उच्च कुल का-3
6. जलज,पंकज,नीरज-3
7. चरित्र,धर्म-5
8. वचन,प्रतिज्ञा-3
10. आनेवाला दिन-2
12. पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15. अनबन,कहासुनी-4
17. रुपया,पैसा-2
19. भ्रम,संदेह-3
21. कहानी लिखनेवाला-5
23. अंजन-3
24. वजह-3

**ऊपर से नीचे**
2. अधिवर्ष,29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3. कंठ,गला-3
4. लाज,लज्जा-3
5. विवाह,ब्याह-2
6. सोना,धतूरा-3
9. टेका,आसरा-3
11. बुरी आदत-2
13. रेखा,लाइन-3
14. हत्या,मर्डर-2
16. नवचंद्राकार -5
18. अनुकृति-3
19. भला कार्य-3
20. घर,गृह,निवास-3
22. युद्ध,संग्राम -2

शब्द पहेली -7846 का हल



# आज का राशिफल

**मेष राशि :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी।

**वृष राशि :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**कर्क राशि :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**सिंह राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कन्या राशि :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**तुला राशि :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**वृश्चिक राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**धनु राशि :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**मकर राशि :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कुंभ राशि :** आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।




### प्रधानमंत्री ने भारतीय वस्त्र व शिल्प कोष पोर्टल लॉन्च किया, कहा

# भारत 'स्वदेशी' क्रांति का गवाह बन रहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में नौंवे राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्वदेशी के उपयोग से नई क्रांति का गवाह बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज का भारत सिर्फ 'वोकल फॉर लोकल' तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसे ग्लोबल प्लेटफॉर्म भी प्रदान कर रहा है ! प्रधानमंत्री ने इस मौके पर भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष का ई-पोर्टल भी लॉन्च किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम भारत मंडपम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं, जिसका हाल ही में उद्घाटन किया गया था। प्राचीन से आधुनिक का यह संगम आज के भारत को परिभाषित करता है। उन्होंने कहा कि भारत के जीवंत



हथकरघा देश की विविधता के उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन आज ही के दिन 1905 में शुरू हुआ था। यह एक बड़ा कारण था कि हमारी सरकार ने आज के दिन को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। उल्लेखनीय है कि 2015 में पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया था। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देशवासियों से आगामी त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में रक्षाबंधन का पर्व आने वाला हैं, गणेश उत्सव आ रहा है, दशहरा, दीपावली, दुगार्पूजा इन पर्वों पर हमें अपने स्वदेशी के संकल्प को दोहराना ही है। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण को देश से बाहर खदेड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, देश कह रहा है भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, वंशवाद भारत छोड़ो, तुष्टीकरण भारत छोड़ो। उन्होंने कहा, 9 को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। बापू ने अंग्रेजों को साफ-साफ कह दिया था कि भारत छोड़ो और अंग्रेजों को इंडिया छोड़ना ही पड़ा था। जो मंत्र अंग्रेजों को खदेड़ सकता था वह मंत्र हमारे यहां भी ऐसे तत्वों को खदेड़ने का कारण बन सकता है।

प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर खादी की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जो वस्त्र उद्योग पिछली शताब्दियों में इतना ताकतवर था, उसे आजादी के बाद फिर से सशक्त करने पर उतना जोर नहीं दिया गया। हालात ये थी कि खादी को मरणासन्न स्थिति में छोड़ दिया गया था। लोग खादी पहनने वालों को हीन भावना से देखने लगे थे। 2014 से हमारी सरकार इस स्थिति और सोच को बदलने में जुटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के बुनकरों और देश के हथकरघा क्षेत्र के लिए पिछले वर्षों में अभूतपूर्व काम किया गया है। बुनकरों को रियायती दरों पर नए डिजाइन, धागे बनाने के लिए आधुनिक तकनीक प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी के प्रयोग से भारत नई क्रांति देख रहा है। स्वदेशी को लेकर देश में नई क्रांति आई है। उन्होंने कहा कि सरकार हथकरघा वस्तुओं के विपणन से संबंधित समस्याओं के समाधान पर जोर दे रही है।

# लोस में आज अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करेंगे राहुल

### मीडिया से बोले- आप लोग भी खुश लग रहे हो, ये क्या हो रहा है



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र से सांसद राहुल गांधी लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर मंगलवार दोपहर 12 बजे बोलेंगे। लोकसभा सचिवालय ने सोमवार दोपहर को राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल की। वह सोमवार को लोकसभा पहुंचे थे, मंगलवार को उन्हें बोलने का मौका मिलेगा। वह अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करेंगे। सोमवार शाम जब राहुल गांधी से मीडिया ने उनके संसद सदस्यता बहाल किए जाने पर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि आप लोग भी खुश लग रहे हो, ये क्या हो रहा है। सदस्यता बहाल होने के बाद राहुल गांधी लगभग 12 बजे संसद भवन पहुंचे और लोकसभा की कार्यवाही में शामिल हुए। संसद भवन पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने सबसे पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन किया और फिर सदन में गए। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में पार्टी के उप नेता प्रमोद तिवारी, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने संसद भवन के प्रवेश द्वार पर राहुल गांधी का स्वागत किया।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल होने का स्वागत करते हुए सोमवार को कहा कि इससे भारत के लोगों, खासकर वायनाड संसदीय क्षेत्र की जनता को राहत मिली है। खड़गे ने ट्वीट किया, राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल करने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। यह भारत के लोगों और विशेषकर वायनाड की जनता के लिए राहत लेकर आया है।

### शाह ने राज्यसभा में दिल्ली अध्यादेश से जुड़ा बिल किया पेश, कांग्रेस ने बताया असंवैधानिक



**संसद** के मानसून सत्र के दौरान सोमवार को राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली अध्यादेश से जुड़ा बिल पेश किया। वहीं कांग्रेस ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। बता दें इस विधेयक का नाम 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023' है, जो गुरुवार को लोकसभा में पारित हो चुका है। जानकारी के मुताबिक, राज्यसभा में दिल्ली सेवा बिल पर करीब 6 घंटे चर्चा होगी। कई विपक्षी सांसदों ने कहा है कि इस बिल को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

### शेर की तरह दहाड़ते देखना चाहती हूं : महबूबा मुफ़्ती

**पीडीपी** की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने पर सोमवार को उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह संसद में उन्हें जनता के मुद्दों पर शेर की तरह दहाड़ते हुए देखना चाहती हैं। मालूम हो कि गुजरात की एक अदालत ने मार्च में राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराया था और दो साल जेल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उन्हें लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। किसी सांसद या विधायक को दो साल या उससे ज्यादा की सजा सुनाये जाने के बाद वह सदन की सदस्यता के लिये अयोग्य हो जाता है। राहुल की लोकसभा सदस्यता सोमवार को बहाल होने पर महबूबा मुफ्ती ने कहा, मैं कांग्रेस और राहुल गांधी को उनकी सदस्यता बहाल होने के लिए बधाई देना चाहती हूं। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात की अदालत के फैसले पर कई सवाल खड़े किए हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर किसी गरीब व्यक्ति के साथ अन्याय होता है, तो फिर वह कहां जाए। उन्होंने कहा कि निचली अदालतों से राहत नहीं मिलने के बाद सभी लोग तो उच्चतम न्यायालय का दरवाजा नहीं खटखटा सकते हैं। उन्होंने कहा, निचली अदालतों में बेगुनाहों की जमानत खारिज कर दी जाती है और उन्हें वर्षों तक जेल में डाल दिया जाता है, जबकि बलात्कारी और भ्रष्टाचारी आसानी से बाहर निकल जाते हैं, क्योंकि उनके लिए जमानत बड़ी आसानी से उपलब्ध है। यह चिंता का विषय है।



## NEWS इन ब्रीफ

### संजय कु. अग्रवाल ने संभाला सीबीआईसी अध्यक्ष का कार्यभार



**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा के 1988 बैच के अधिकारी एवं केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सदस्य संजय कुमार अग्रवाल ने सीबीआईसी के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। वित्त मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी। इनका कार्यकाल 05 अगस्त से भी प्रभावी हो गया है।

### भारतीय नौसेना का युद्धपोत 'चेन्नई' मिशन लाल सागर में तैनात



**नई दिल्ली।** सुरक्षित और संरक्षित समुद्र सुनिश्चित करने के भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस चेन्नई को लाल सागर में तैनात किया है। भारत और सऊदी अरब के बीच गहरे मैत्रीपूर्ण संबंधों और बहुआयामी रक्षा सहयोग को बढ़ाने की दिशा में आईएनएस चेन्नई ने तीन से पांच अगस्त तक जेद्दा का दौरा किया। इस जहाज का रॉयल सऊदी नौसेना बलों, बॉर्डर गाड्र्स और भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पोर्ट कॉल के दौरान आईएनएस चेन्नई के कमांडिंग ऑफिसर ने जेद्दा बॉर्डर गाड्र्स के कमांडर से मुलाकात की। जेद्दा के सीजीआई मोहम्मद शाहिद आलम ने भी जहाज का दौरा किया और उन्हें परिचालन क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई। जेद्दा से प्रस्थान करने पर आईएनएस चेन्नई ने पांच अगस्त को रॉयल सऊदी नौसेना जहाज एचएमएस अल जुबैल के साथ एक पैसेज अभ्यास किया। जेद्दा, सऊदी अरब में आयोजित अभ्यास में सामरिक युद्धाभ्यास, नाविक कौशल विकास और संचार अभ्यास शामिल थे, जिन्होंने आपसी विश्वास को मजबूत करने, मजबूत करने में योगदान दिया।

# मणिपुर हिंसा : एससी ने जांच के लिए बनाई कमेटी

### सीबीआई जांच की निगरानी मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर दत्तात्रेय पडसलगिकर करेंगे

**आरएनएम। नई दिल्ली**

मणिपुर हिंसा को लेकर भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की सुनवाई की। सर्वोच्च न्यायालय ने हाई कोर्ट की तीन महिला पूर्व जजों की कमेटी बनाई है। यह कमेटी सीबीआई और पुलिस जांच से अलग मामलों को देखेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि तीन पूर्व न्यायाधीशों की समिति की अध्यक्षता जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल करेंगी और इसमें न्यायमूर्ति शालिनी जोशी, न्यायमूर्ति आशा मेनन भी शामिल होंगी। साथ ही सीबीआई जांच की निगरानी के लिए एक पूर्व अधिकारी को नियुक्त किया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आदेश दिया कि सीबीआई जांच की निगरानी मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर दत्तात्रेय पडसलगिकर करेंगे।इस दौरान मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह 1 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय के निदेशार्नुसार कोर्ट में मौजूद थे। मामले की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जांच के मामले को सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया गया है, लेकिन कानून के शासन में विश्वास सुनिश्चित करने के लिए यह निर्देश देने का प्रस्ताव है कि कम से कम डिप्टी एसपी रैंक के पांच अधिकारी होंगे जिन्हें विभिन्न राज्यों से सीबीआई में लाया जाएगा। ये अधिकारी सीबीआई के बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक ढांचे के चारों कोनों में भी काम करेंगे। 42 एसआईटी ऐसे मामलों को देखेंगी जो सीबीआई को हस्तांतरित नहीं किए गए हैं। अटॉर्नी जनरल वेंकटरमन ने बताया कि 6500 एफआईआर का वर्गीकरण कर कोर्ट को उपलब्ध करवा दिया गया है। हमें बहुत परिपक्वता से मामले को देखने की जरूरत है। हमने कई तरह के एसआईटी के गठन का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि हत्या के मामलों की जांच वाली एसआईटी का नेतृत्व एसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के मामलों की जांच के लिए वरिष्ठ महिला अधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी बनेगी। इसी तरह और भी एसआईटी हैं। डीआईजी उनसे रिपोर्ट लेंगे। हर 15 दिन पर डीजीपी भी समीक्षा करेंगे। अटॉर्नी ने कहा कि हिंसा से ज्यादा प्रभावित हर जिले में 6 एसआईटी बनेंगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पहले जो 11 केस सीबीआई को सौंपे गए थे, उनकी जांच सीबीआई ही करेगी। महिलाओं से जुड़े मामलों की जांच में सीबीआई की महिला अधिकारी भी शामिल रहेंगी।

# गुलाम नबी को छोड़ 21 नेता कांग्रेस में आए

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

जो गुलाम नबी आजाद कांग्रेस छोड़ व तोड़कर जम्मू-कश्मीर में मोदी व भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए ताना-बाना बुन व बयान पर बयान दे, किताब लिख कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, अब उनसे ही बिदक कर उनके पार्टी के लोग वापस कांग्रेस में आने लगे हैं। सोमवार सुबह राहुल गांधी की सांसदी बहाल हो गई तो वहीं दोपहर में जम्मू कश्मीर के 21 नेताओं ने वापस कांग्रेस का दामन थाम लिया। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मौजूदगी में ये 21 नेता फिर से कांग्रेस में शामिल हुए। इसके कारण गुलाम नबी आजाद को बड़ा झटका लगा है। आम आदमी पार्टी के भी कुछ सदस्य व नेता कांग्रेस में आये। गुलाम नबी आजाद ने अपनी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी बनाई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कम्युनिकेशन विभाग के मुखिया जयराम रमेश ने ट्वीट करते हुए बताया कि 21 नेताओं की घर वापसी में एक ऐसे भी नेता हैं, जिन्होंने गुलाम नबी आजाद के कहने पर मेरे खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज किया है।

आजाद ने स्वयं अपने डीएनए उत्परिवर्तन का नया सबूत देते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का विरोध करने वाले लोग जमीनी स्थिति से अनभिज्ञ हैं। देशभर में विपक्षी दल भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से लड़ने की योजना बना रहे हैं और उसी के लिए इंडिया एलायंस बनाया गया, जिसमें आम आदमी पार्टी भी शामिल है। लेकिन गुलाम नबी नहीं। जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद ने जब से कांग्रेस छोड़कर अपनी नई पार्टी का गठन किया है, उसके बाद से ही वह पूरे राज्य में लगातार दौरे कर रहे हैं। जब गुलाम नबी आजाद ने पार्टी बनाई थी, उस दौरान कई कांग्रेस के नेताओं ने उनकी पार्टी का दामन थामा था। लेकिन अब लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

### घुसपैठ के प्रयास में मारे गए दो आतंकियों में से एक था खूंखार हिज्ब कमांडर

**जम्मू।** जम्मू संभाग के पुंछ जिले के दिगवार सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षा बलों ने सोमवार को सुबह घुसपैठ को नाकाम करके दो घुसपैठिये आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों आतंकवादियों में से एक खूंखार हिज्ब कमांडर था, जिसे राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने का काम सौंपा गया था।पीआरओ (रक्षा) जम्मू लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने एक बयान कहा कि मारे गए आतंकी की पहचान हिज्ब-उल-मुजाहिदीन कमांडर मुनेसर हुसैन के रूप में हुई है।




### एटली के अगले प्रोडक्शन में वरुण धवन के साथ नजर आएंगी वामिका गब्बी

**'जुबली'** में अपने एक्टिंग स्किल से सभी को हैरान करने वाली एक्ट्रेस वामिका गब्बी फिल्म निर्माता एटली की अपकमिंग हिंदी प्रोडक्शन में नजर आएंगी, जिसमें वरुण धवन भी हैं। अभी तक अपकमिंग प्रोजेक्ट का टाइटल तय नहीं हो पाया है। फिलहाल, इसे हैशटैग वीडी18 के नाम से जाना जाता है और यह 31 मई, 2024 को रिलीज होने वाली है। वामिका ने कहा, मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर रोमांचित और आभारी हूं। वरुण और कीर्ति सुरेश के साथ काम करने का अवसर निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका मैं इंतजार कर रही थी। मैं फुल कर्मिशियल हिंदी प्रोजेक्ट की तलाश में थी और यह बस इतना ही है। मैं मुराद सर और एटली के साथ काम करने और सहयोग करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। 'ग्रहण', 'माई' और हाल ही में रिलीज हुई 'जुबली' में शानदार परफॉर्मेंस के साथ इंडस्ट्री में अपनी योग्यता साबित करने के बाद, वामिका इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



### 'ब्रेकिंग बैड' के हिंदी वर्जन में नजर आएंगे गुलशन ग्रोवर



**बॉलीवुड** के ओरिजनल 'बैड मैन' एक्टर गुलशन ग्रोवर ने 'ब्रेकिंग बैड' के हिंदी रीमेक में एक्टिंग करने की अपनी इच्छा के बारे में खुलासा किया और बताया कि आखिरकार वह इसका हिस्सा कैसे बने। यह विंस गिलिगन द्वारा निर्मित क्राइम ड्रामा है। यह शो एंटीहीरो, पावर और इंटीग्रिटी के थीम्स पर केंद्रित है। 'ब्रेकिंग बैड-हिंदी' के एक स्पेशल प्रोमो में गुलशन हेक्टर सलामांका के किरदार में नजर आएंगे। हेक्टर का किरदार मार्क मार्गोलिस ने निभाया था। यह किरदार जुआरेज कार्टेल का एक पूर्व हाई-रैंकिंग मेंबर है, जो अब स्ट्रोक के कारण चलने या बोलने में असमर्थ है।

### ऑस्कर विजेता 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के आदिवासी जोड़े ने निर्माताओं पर लगाए गंभीर आरोप

**ऑस्कर** विजेता डॉक्यूमेंट्री 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स' में अभिनय करने वाले आदिवासी जोड़े बोमन और बेली ने निर्देशक कार्तिकी गोंसाल्वेस और सिख्या एंटरटेनमेंट पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में इस जोड़े ने फिल्म निमार्ताओं पर आर्थिक शोषण और उत्पीड़न का आरोप लगाया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जोड़े ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग के दौरान कार्तिकी गोंसाल्वेस ने उनके साथ प्यार और सम्मान से व्यवहार किया। हालाँकि, इस फिल्म के ऑस्कर जीतने के बाद उनका व्यवहार पूरी तरह से बदल गया। उन्होंने दावा किया कि ऑस्कर मिलने के बाद कार्तिकी ने दूरी बनानी शुरू कर दी थी। एक इंटरव्यू में इस जोड़े ने शादी के सीन शूट करने में हुए खर्च का जिक्र किया। बेली ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने पोते की पढ़ाई के लिए जो पैसा बचाया था, वह शादी के दृश्यों पर खर्च कर दिया गया। कार्तिकी ने बताया कि वह शादी का सीन एक दिन में शूट करना चाहती हैं। हालाँकि, चूँकि उसके पास इसके लिए पैसे नहीं थे, इसलिए हमें व्यवस्था करने के लिए कहा गया।




### अच्छी पहल : स्वतंत्रता दिवस के लिए दीए बना रहा कश्मीरी कुम्हार

# मिट्टी के टुकड़े से बनाया है तिरंगा

**एजेंसी। श्रीनगर**

देश की 75वीं आजादी का जश्न मनाने के लिए सरकारी कार्यालयों में मेरी मिट्टी मेरा देश पहल के तहत प्रज्जवलित किये जाने वाले 5,000 मिट्टी के दीयों के बड़े ऑर्डर को पूरा करने के लिए कश्मीर के एक कुम्हार ने दिन-रात एक कर रखा है। सत्ताइस वर्षीय वाणिज्य स्नातक मोहम्मद उमर ने 5,000 मिट्टी के दीयों की समय सीमा को पूरा करने के लिए अपने कुछ मजदूरों के साथ जी-जान से जुटा है। उसे नौ अगस्त को दीए डिलीवरी करने का ऑर्डर मिला है। घाटी के जाने-माने कुम्हार उमर ने कहा , यह एक अच्छी पहल है। मैं मिट्टी के दीये तैयार करके बेहद खुश हूं। इन दीयों को कश्मीर घाटी के विभिन्न कार्यालयों और



पंचायतों में 75वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए जलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेरी मिट्टी मेरा देश पहल न केवल देश के लोगों को राष्ट्र के प्रति अपना प्यार और स्नेह व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगी बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को अपनी आजीविका कमाने में भी सक्षम बनायेगी। उमर के बनाये मिट्टी के चमकदार बर्तनों को हाल ही में अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर के नये मौजूदा शिल्प में शामिल किया है। उसका दावा है कि उसके बनाये ग्लेज्ड बर्तन चीन और अमेरिका की मशीन से बनी वस्तुओं की तुलना में अधिक स्वच्छ हैं। उनकी चमकदार मिट्टी से बनी समोवर (एक पारंपरिक कश्मीरी चाय का बर्तन) को गत 22 से 24 मई तक श्रीनगर में आयोजित तीसरी जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक के दौरान कला और शिल्प बाजार में भी प्रदर्शित किया गया था। उमर ने टाइलों पर मिट्टी के कुछ टुकड़े से तिरंगा भी बनाया है, जिसे स्वतंत्रता समारोह के दौरान श्रीनगर और घाटी के अन्य हिस्सों में सरकारी कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर लगाया जायेगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने मेरी मिट्टी मेरा देश पहल की शुरूआत की है , जिसकी परिकल्पना भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्षों के आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के समापन कार्यक्रम के रूप में की गयी है। इस पहल के तहत देश के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न प्रकार की मिट्टी विकसित करने के लिए मिट्टी एकत्र की गयी है।

## सावन माह के पांचवें सोमवार के अवसर पर भक्तों की उमड़ी भीड़

# श्री श्यामेश्वर महादेव की जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन माह के पांचवें सोमवार के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विराजमान के श्री श्यामेश्वर महादेव की पूजा वंदना व जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का आगमन प्रारंभ हो गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि भक्तों को मंदिर के तरफ से दूध से अभिषेक करने के लिए प्रतिदिन निःशुल्क पात्र में दूध दिया जाता है। सोमवार को भी यह दूध वितरण का विशेष प्रबंध किया जाता है। सावन मास के सभी दिन के लिए अन्नपूर्णा सरावगी व सोमवार के लिए अशोक नगर निवासी पिंटू बरनवाल द्वारा दूध की सेवा दी जाती है। दोपहर 12:30 बजे तक निरंतर भक्तजनों के द्वारा पूजन अनुष्ठान किया जाता रहा। श्री श्यामेश्वर महादेव की जय जयकारों से मंदिर गूंज रहा था। दोपहर 1:00 बजे से देवों के देव महादेव का विशेष महारुद्राभिषेक किया गया। मंडल के वरीय सदस्य प्रभु दयाल दयाल नारसरिया ने अपने परिवार के साथ दूध दही गंगाजल अनारस घृत शहद एक ईखरस चीनी आदि से महादेव का अभिषेक कर चंदन रोली चावल बेलपत्र फूल धतूरा फूल प्रसाद चढ़ाकर आराधना की। मंदिर के आचार्य ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया, महाआरती की गई।



**सायंकालीन विशेष श्रृंगार :** उज्जैन के महाकाल के तर्ज पर श्री श्यामेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए फूलों से संपूर्ण शिव परिवार को सजाया गया ।केसरिया पेड़ा सूखे मेवे खीर का भोग लगाया गया। साईं काल 6:00 बजे से भोलेनाथ के दर्शन हुए। रात्रि 7:00 बजे आरती करके महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू स्नेह पोद्दार रतन शर्मा रौनक पोद्दार अरविंद सोमानी श्याम सुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

**सोमवार को 62 वां श्री सुंदरकांड पाठ :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा मंगलवार 08/08/2023 को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 62 व श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ सांय 4:30 बजे से होगा ।हनुमान जी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके प्रसाद चढ़ाया जाएगा । सांय 6:30 बजे महाआरती करके प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तजनों को आमंत्रित किया है।

### महाशिवपुराण यज्ञ के सप्तम व अंतिम दिन का कार्यक्रम आयोजित

## शिवलिंग भगवान शिव के निर्गुण और निराकर स्वरूप का प्रतीक है : स्वामी श्री परपूर्णानन्द जी





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम मण्डल द्वारा आयोजित पावन श्री शिवमहापुराण कथा के सप्तम एवं अंतिम दिन भक्तों का उत्साह वंदनीय था साथ ही पावन कृपा का विदाई का अवसाद भी था। अपराह्न 4 बजे स्वामी श्री परपूर्णानन्द जी के व्यास पीठ पर विराजमान होने के बाद पारंपरिक पूजन वंदन के साथ स्वामी श्री ने शिव व्याख्यान को आगे बढ़ते हुए कहा की- शिवलिंग भगवान शिव के निर्गुण और निराकर स्वरूप का प्रतीक है। सच्चिदानन्द स्वरूप आनंदघन भवान शिव सर्व व्यापी हैं, आगे स्वामी जी ने शिव के विभिन्न अंसावतार व पूर्णावतार का विस्तृत ज्ञान बांटा साथ ही कहा की उनीसवें कल्प में सत्योजात शिव का अवतार हुआ नाम देव शिव, महाबाहु स्वरूप शिव, अघोर रूप में महादेव आदि अनेक रूपों में शिव ने अवतार लिया, आकाश, पृथ्वी, जल, वायु एवं अग्नि सभी में शिव का वास है, साथ ही व्याख्यान को आगे बढ़ाते हुए प्रसंगवश स्वामी जी ने नरसिंह अवतार का सुंदर वर्णन किया। काल भैरव शिव के हीं अवतार हैं जो काशी में कोतवाल के रूप में विराजमान हैं, साथ ही कहा की राम भक्त हनुमान शिव के हीं अंशावतार हैं- पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए स्वामी जी ने कहा की शिव के तेज को पवनदेव ने अंजनी के गर्भ स्थापित किया इस लिए हनुमान पवन पुत्र, अंजनिसूत, शंकर सुवन व केसरीनंदन कहलाए। व्याख्यान को आगे बढ़े हुए स्वामी जी ने द्वादश शिवलिंगों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। शिव का श्रृंगार हर स्वरूप में अपने आपमें विशेष है। क्रीपुण्ड तिलक, त्रिगुण- सतोगुण, रजोगुण और तपोगुण का प्रतीक है। भस्म आकर्षण, मोह, अहंकार आदि से मुक्ति का प्रतीक है। कुंडल शिव शक्ति के रूप में श्रृष्टि के सिद्धांत का नेतृत्व करते हैं। डमरू श्रृष्टि के आरम्भ एवं ब्रम्हनाग का प्रतीक है। कमंडल, संतोषी, तपस्वी, अप्रिग्रही जीवन साधना का प्रतीक है। इस प्रकार शिव के ज्योति लिंगों एवम दिव्य स्वरूप का वर्णन करते हुए स्वामी जी ने शिवमहापुराण कथा को विराम दिया। अन्त में आज के अंतिम दिन का कथा का समापन आरती शहर के प्रसिद्ध डॉक्टर एमसी. खेतान के परिवार द्वारा किया गया, साथ में प्रसाद वितरण के साथ-साथ सात दिनों तक चलने वाली शिवमहापुराण का समापन किया गया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश चन्द्र पोद्दार, चन्द्र प्रकाश बागला, श्याम सुन्दर पोद्दार, रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, ओम जोशी, मनोज सिंघानिया, धीरज बंका, राकेश सारस्वत, विजय शंकर साबू का सहयोग रहा।

### रिम्स की कार्यप्रणाली में सुधार से संबंधित जनहित याचिका निस्तारित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रिम्स की कार्यप्रणाली में सुधार सहित विभिन्न जनहित याचिकाओं का निस्तारण कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह जनहित याचिका कोरोनाकाल की पृष्ठभूमि में शुरू हुई थी, जो अब समाप्त हो चुका है, ऐसे में इस जनहित याचिका पर सुनवाई का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने रिम्स के अधिवक्ता एके सिंह की दलील सुनने के बाद कोरोना से संबंधित जनहित याचिका एवं इसके साथ संलग्न चार अन्य जनहित याचिकाओं का निस्तारण कर दिया। इससे पहले रिम्स की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रिम्स में दवा सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने का काम सतत जारी रहने वाली प्रक्रिया है। ऐसे में रिम्स में अगर किसी तरह की कोई कमी दिखती है, तो याचिकाकर्ता चाहे तो फिर से जनहित याचिका दायर कर सकता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि कोरोना से संबंधित जनहित याचिका का का निस्तारण किया जाता है, लेकिन रिम्स में नियुक्ति से संबंधित एक अन्य याचिका पर सुनवाई जारी रहेगी।

### अवैध शराब अड्डों के खिलाफ कार्रवाई जारी

## 400 किलो ग्राम जावा महुआ व 120 लीटर अवैध शराब जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला में अवैध शराब अड्डों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए जिला आबकारी टीम ने अवैध शराब जब्त करते हुए इसमें संलिप्त लोगों को गिरफ्तार भी किया है। जिला आबकारी टीम द्वारा इटकी थाना क्षेत्र के गोप्लाटोली, नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का और बेड़ो थाना क्षेत्र के टैरो में छापेमारी की गई। कार्रवाई में पिस्का से 03 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि गोप्लाटोली से एक व्यक्ति फरार हो गया, जिसके खिलाफ ꠳ꠃꠃदर्ज किया गया है। इस दौरान 400 किग्रा. जावा महुआ और 120 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त किया गया। आपको बतायें कि पिछले दो दिनों में जिला आबकारी टीम ने रांची एयरपोर्ट के पीछे चंदाघासी ग्राम, जगन्नाथपुर, धुर्वा, भुसूर, लोवाडीह के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध तरीके से चल रहे शराब अड्डे के खिलाफ कार्रवाई की है।

# ‘छात्रों की अनदेखी कर होने वाले बैठक का होगा विरोध : आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। सोमवार को अखिल झारखंड छात्रसंघ (आजसू) अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक झा के नेतृत्व में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में होने वाली सीनेट की बैठक का जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन को सीनेट की बैठक रद्द करना पड़ा। मौके पर अभिषेक झा ने कहा की है विश्वविद्यालय प्रशासन बगैर निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों के सीनेट की बैठक आयोजित कर रही थी जो गलत है, यूजीसी के नॉर्म्स में यह प्रावधान है कि निर्वाचित छात्र ही सीनेट की बैठक में हिस्सा ले सकते हैं, परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन हड़बड़ी में बिना राज्यपाल के अनुमति के ही सीनेट की बैठक आयोजित कर रही थी। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन खुद से कुछ नामित छात्रों को सीनेट में शामिल कराकर बैठक करना चाह रही थी ताकि सीनेट की सभी मुद्दों पर वे छात्र विश्वविद्यालय प्रशासन की हां में हां मिला दे। उन्होंने आगे कहा कि छात्र-छात्राओं की अनदेखी कर होने वाले हर बैठक का जोरदार विरोध करेगी आजसू। उन्होंने आगे कहा की छात्रों के सम्मान में, आजसू रही है सदा मैदान में। इस सीनेट की बैठक में कोई भी छात्रहित का मुद्दा नहीं था जिससे विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को लाभ मिल सके और ना ही सीनेट के किसी भी सदस्य ने सीनेट की बैठक के लिए अपना प्रश्न विश्वविद्यालय से किया था। विश्वविद्यालय में होने वाली कई वोकेशनल कोर्स से आ रही फीस को उस विभाग के डेवलपमेंट में ना लगा कर उस मद को अन्य कार्यों में खर्च कर रही। विश्वविद्यालय राशि राशि का कोई हिसाब नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन मनमानी तरीके से सभी राशि को खर्च कर रहे हैं, जो सरासर गलत है। इन सभी मुद्दों से बचने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन हड़बड़ में सीनेट की बैठक आयोजित की थी जिसमें कई सीनेट के सदस्य भी नहीं आए थे। अभिषेक झा ने कहा की आजसू सदैव छात्रहित में काम करती है और जब भी छात्र-छात्राओं के हित की बात आएगी आजसू हमेशा विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ खड़ी रहेगी साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन आगे भी ऐसा कोई कार्य करती है तो आजसू विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आंदोलनरत रहेगी। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी हरिश सिंह,सूर्या, हरिओम, प्रसिद्ध, सुमित, सुंधाशु, अभिनव, रिकी, रौनक, लकी, आशु, विशाल, अभिषेक, अनीरूद, नीतीश के अलावा सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

## डीएसपी ने अड्डाबाजी के खिलाफ चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में रविवार देर रात अड्डा बाजी करने वालों के खिलाफ कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बड़ा तालाब, टैक्सी स्टैंड सहित कई इलाकों में अभियान चलाया। पुलिस को देखते ही अड्डेबाजी करने वाले युवक भाग गए। डीएसपी ने बताया कि आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में देर रात अड्डेबाजी करने वाले स्थानों पर अभियान चलाया गया। जब नहीं अपराधियों पर पुलिस का डंडा चलेगा तक इनलोगो से चैन नहीं मिल सकता है।

## नये वोटर्स को लेकर अब होगा सर्वे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला प्रशासन की ओर से नये मतदाताओं को चिन्हित करने के लिए अब हाउस टू हाउस सर्वे शुरू किया जाएगा। डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सभी बीएलओ को घर-घर मतदाता सूची का सत्यापन का कार्य सात दिन के अंदर पूरा करने को कहा है। नए मतदाता जिनकी आयु एक जुलाई एवं 01 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। वे अपना नाम मतदाता सूची में अपना नाम प्रपत्र-6 के माध्यम से पंजीकरण कराने करवा सकते हैं। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने बैठक कर सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी बूथ लेबल ऑफिसर घर-घर जा कर सत्यापन पर तेजी लाएं, जिसकी क्लोज मॉनिटरिंग संबंधित सभी पदाधिकारी करें एवं हाउस सर्वे का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हाउस टू हाउस सर्वे में सभी योग्य व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जोड़ा गया है, उसे जोड़ने एवं मृत व स्थाई रूप से अन्यत्र जाने वाले मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने का काम तथा जिनका नाम मतदाता सूची में त्रुटि पूर्ण हैं, उसे सुधारें।

**कार्यक्रम** बीएयू में नीतिशास्त्र पर व्याख्यान आयोजित

# ‘छात्र अध्ययन की अखंडता बनाए रखें’





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को अनुसंधान नीतिशास्त्र एवं प्रकाशन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमार दास, मुख्य वित्तीय एवं लेखा, राष्ट्रीय अजैविक तनाव प्रबंधन संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र थे। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमार दास ने कहा कि अनुसंधान का उद्देश्य डेटा का संग्रह, विश्लेषण और व्याख्या के माध्यम से नये ज्ञान का विकास करना, समस्याओं का हल करना या मौजूदा उपलब्ध जानकारियों को मान्य करना है। अनुसंधान और प्रकाशन के मामले में किसी भी संभावित नैतिक मुद्दे पर अनुसंधान टीम के भीतर खुलकर चर्चा की जानी चाहिए। संदेह होने पर विशेषज्ञ से परामर्श लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नैतिकता जीवन में हर जगह और हरेक पहलुओं से जुड़ी है। इसी तरह अनुसंधान एवं प्रकाशन में नैतिकता समुदाय, समाज एवं देश से जुड़ा विषय है। इसमें अखंडता बनाये रखना सर्वोपरि एवं एकमात्र मार्ग है। डॉ. दास ने बताया कि शोधकर्ताओं, पीजी एवं पीएचडी छात्र-छात्राओं के लिए अनुसंधान नैतिकता को बनाए रखना और प्रकाशन की नैतिक प्रथाओं का पालन भी एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। उन्हें नैतिक मानकों को कायम रखते हुए नैतिक रूप से अनुसंधान करने और प्रतिभागियों के अधिकारों की रक्षा करने और अध्ययन की अखंडता बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे प्रकाशन अभ्यास यह गारंटी देता हैं कि उनके निष्कर्षों से ज्ञान में वृद्धि और बड़े पैमाने पर वैज्ञानिक जगत द्वारा देखा जायेगा। कहा कि शोधकर्ताओं, पीजी एवं पीएचडी छात्र-छात्राएं अनुसंधान एवं प्रकाशन की नैतिकता का सावधानीपूर्वक पालन करके और नैतिक मानदंडों को बनाए रखते हुए देश, समाज एवं समुदाय को अपने संबंधित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निष्कर्ष एवं समाधान से प्रभावित कर सकते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने शोधकर्ताओं, पीजी एवं पीएचडी छात्र-छात्राओं को अनुसंधान की नैतिकता एवं शोध विषयों के प्रकाशन में ईमानदारी, विश्वास एवं अखंडता को बनाये रखने पर बल दिया।

### अमन श्रीवास्तव गिरोह के एजाज अंसारी की जमानत पर सुनवाई

**रांची।** अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य और 49 लाख 83 हजार की रंगदारी की लेवी के साथ गिरफ्तार एजाज अंसारी की जमानत याचिका पर एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एटीएस से केस की डायरी मांगी है। एजाज की जमानत पर अगली सुनवाई केस डायरी आने के बाद होगी। एजाज फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उल्लेखनीय है कि 21 जुलाई को एटीएस ने 49 लाख 83 हजार रुपये के साथ अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। पिठोरिया से दोनों की गिरफ्तारी हुई थी। इनके पास से रंगदारी से वसूले गये रुपये बरामद किये गये थे। एटीएस पैसे पकड़े जाने के बाद मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## पृष्ठ एक का शेष

**सहकारिता को बढ़ावा देकर...**

हुआ। सिंह ने बताया झारखंड में सरकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक तरीके से युवा पीढ़ी का सहयोग लिया जा रहा है और आत्मनिर्भर झारखंड के निर्माण के हित में उत्पादन बढ़ाने और उचित बाजार बनाने पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

**लव जिहाद को लेकर...**

किया गया था। इससे जुड़ा हुआ ब्यौरा सीसीटीएनएस पर भी उपलब्ध है। एसपी ने बताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस से संपर्क किया गया है। महिला को छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा जाएगा। एसपी ने बताया कि धर्म परिवर्तन और शादी के मामले में जो पत्र सामने आया है, उसकी जांच की जा रही है।

**झारखंड बदल रहा है युवा...**

के संघर्ष में भी हजारों हजार लोग वर्षों तक आंदोलन करते रहे। अब हमें अपने वीरो-शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाना है और इस दिशा में सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ी शिक्षित हो। युवा पीढ़ी अपने पैरों पर खड़ा हो सके। इसके लिए उन्हें विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संबल देने का काम सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जो विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रहा है। उन्होंने कहा कि आप सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान रखें। आपकी पढ़ाई से लेकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों और मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज के लिए सरकार सारा खर्च देगी।

**जल्द ही किसानों के हित में ठोस निर्णय लिए जाएंगे :** हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले वर्ष भी सुखाड़ की स्थिति पैदा हुई। इस वर्ष भी अपेक्षा के अनुरूप बारिश अब तक नहीं हुई है ऐसे में एक बार फिर सूखे की आशंका बन सकती है। ऐसे में राज्य में हो रही बारिश और फसलों की बुवाई का लगातार आकलन कर रहे हैं और जल्द ही किसानों के हित में ठोस निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर किसानों से कहा कि वे अपनी जमीन के कुछ हिस्से में फलदार पौधे लगाएं।

**युवाओं को व्यवसाय के लिए आर्थिक मदद की जा रही :** उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने बल पर 15 लाख से ज्यादा हरा राशन कार्ड धारियों को खुले बाजार से अनाज खरीद कर उनके बीच वितरित कर रही है। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और परित्यक्ताओं को पेंशन दे रही है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत युवाओं को व्यवसाय के लिए आर्थिक मदद की जा रही है। हड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा रहा है। सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत लड़कियों को पढ़ाई के लिए सरकार राशि उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा भी कई ऐसी योजनाएं हैं जो समाज के विभिन्न वर्गों और तबकों के विकास को ध्यान में रखकर चलाई जा रही हैं।

**कई योजनाओं का हुआ शिलान्यास, उद्घाटन :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 292 करोड़ 54 लाख 23 हजार रुपये की 62 योजनाओं की सौगात बोकारो जिला वासियों को दी। इसमें 18 करोड़ 14 लाख 33 हजार रुपये की 37 योजनाओं का उद्घाटन और 274 करोड़ 39 लाख 90 हजार रुपये की 25 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, 11186 लाभुकों के बीच 116 करोड़ 90 लाख 66 हजार रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

**आदिवासी महोत्सव मील का पत्थर साहित...**

समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, प्रकाश हंस, मुन्ना उरांव, अजीत उरांव, निकोलस एक्का, साइमन कच्छप, सोनू एक्का, अनीश अहमद, विजय बड़ाईक, जरिया उरांव, बबलू उरांव, धंजू नायक, सचिन कच्छप, मन्नू तिग्गा, विजय कच्छप, लाला कच्छप, सूरज मुंडा, मोनू राज, बिरलू तिर्की, करमा कमल लिंडा, शनि मिंज, पुरन टोप्पो, दिनेश कच्छप और संजू कच्छप शामिल थे।

**झारखंड में सहायक पुलिसकर्मी फिर...**

रखा गया था। पिछले साल संविदा अवधि खत्म होने पर नौकरी से निकाले जाने की प्रक्रिया के खिलाफ आंदोलन हुआ था। लेकिन अबतक मानदेय में किसी तरह का कोई इजाफा नहीं हुआ है। ऊपर से गृह जिला से हटाकर दूसरे जिलों में सेवा ली जा रही है। महंगाई इतनी बढ़ गई है कि दस हजार रुपए में परिवार को पालना मुश्किल हो रहा है। सहायक पुलिस कर्मियों का कहना है कि हम लोग दिन रात ड्यूटी करते हैं इसके बाद भी झारखंड सरकार की ओर से हम लोगों को जीवन यापन करने के लिए केवल 10 हजार महीना ही मिल रहा है। सहायक पुलिसकर्मियों ने झारखंड सरकार से मांग किया है कि उनके मासिक वेतन में वृद्धि किया जाए और नौकरी परमानेंट कर दिया जाए। ताकि आंदोलन करने की आवश्यकता ना पड़े।

**झारखंड में मानसून ने पकड़ी...**

पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, गुमला सिमडेगा जिला शामिल हैं। हालांकि अन्य हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश होगी। इसमें मुख्य रूप से झारखंड के मध्य भाग शामिल हैं, जिसमें रांची, रामगढ़, खूंटी, बोकारो, कोडरमा आदि जिला शामिल हैं। मौसम केंद्र की माने तो छह अगस्त से जारी मानसून मे पलामू, लातेहार, चतरा, गढ़वा, गुमला, लोहरदगा समेत अन्य जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

**राज्य में सात दिन में दो माह से ज्यादा हुई रोपनी :** पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। राज्यभर में पूरे जोर-शोर से धान की खेती की जाने लगी है। परिणाम है कि पूरे जून-जुलाई में राज्य में जितनी धान की खेती नहीं हुई थी, बीते सात दिनों में उससे ज्यादा रोपनी हुई है। तीन दिनों पहले तक राज्य में सामान्य से करीब 47 फीसदी कम बारिश हुई थी। अब यह कमी 39 फीसदी के आसपास रह गयी है।

**उल्लंघन करने वालों पर...**

सुझाव प्राप्त हुए हैं।

**विपक्ष ने विरोध किया :** विपक्ष ने इस बिल का विरोध किया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि यह कानून निजता के अधिकार का हनन करता है। वहीं कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि यह अंतिम विधेयक नहीं है और इसे समीक्षा के लिए संसदीय समिति के पास भेजने की जरूरत है। जबकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी कहा कि विधेयक को संसदीय पैनल के पास भेजा जाना चाहिए।

**डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड का होगा गठन :** बिल के लागू होने पर केंद्र सरकार डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड की स्थापना करेगी। इसका काम अनुपालन की निगरानी करना और जुमार्ना लगाना, डेटा उल्लंघन की स्थिति में आवश्यक उपाय करने के लिए डेटा फिड्यूशियरीज को निर्देशित करना और व्यक्तियों द्वारा की गई शिकायतों को सुनना शामिल है। बोर्ड के सदस्यों की नियुक्ति दो साल के लिए की जाएगी। बोर्ड के सदस्यों की संख्या केंद्र तय करेगा।

**पक्ष में 131 और विरोध में पड़े...**

आज बीजेपी ने अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी जी की दिल्ली को पूर्ण राज्य बनाने की 40 साल की मेहनत को मिट्टी में मिला दिया है।

**पूर्व सीजेआई ने किया बिल का समर्थन :** सांसद और पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि मेरे लिए बिल सही है। किसी के लिए गलत हो सकता है। ये कहना गलत कि ये मामला कोर्ट में लंबित है और इस पर सदन में बिल नहीं आ सकता।

**महिला सांसदों ने किया वॉकआउट :** रंजन गोगोई के भाषण का विरोध करते हुए चार महिला सांसद राज्यसभा से वॉकआउट कर बाहर चली गई थीं। इनमें सपा सासंद जया बच्चन, शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी, एनसीपी की वंदना चव्हाण और टीएमसी की सुष्मिता देव शामिल रहीं। गोगोई को अपने कार्यकाल के दौरान यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना करना पड़ा था। वहीं बीजेपी सांसद डॉ। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 105 पन्नों के फैसले में कहीं भी दिल्ली पर कानून पारित करने के खिलाफ कुछ भी नहीं कहा गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के पैराग्राफ 86, 95 और 164 एफ में कहा गया है कि संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने के सारे अधिकार हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### डेनियल विटोरी बने सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। आईपीएल की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर डेनियल विटोरी को अपना मुख्य कोच बनाया है। सोमवार को एसआरएच ने यह आधिकारिक घोषणा की। उन्हें ब्रायन लारा की जगह ये जिम्मेदारी मिली है।

### 16वीं विश्व वुशू चैंपियनशिप के पदक और शुभंकर घोषित

**बीजिंग।** 'हंग युआनश्यांग 16वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप' की 100 दिवसीय उलटी गिनती के अवसर पर 6 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ ने आधिकारिक तौर पर प्रतियोगिता पदक और शुभंकर जारी किए। शुभंकर टेक्सास के स्थानिक स्तनधारी लॉन्गहॉर्न और नौ-बैंडेड आर्मडिलो हैं। अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ द्वारा आयोजित 16वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप, वुशु जगत का सर्वोच्च स्तर का विश्व स्तरीय आयोजन है। यह 16 से 20 नवंबर तक अमेरिका के टेक्सास के फोर्ट वर्थ में आयोजित किया जाएगा। अनुमान है कि 80 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लगभग एक हजार एथलीट भाग लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ के महासचिव चांग छ्व्युफिंग ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ में अब तक 158 सदस्य संघ हैं।

# भगत-कदम ने 4 देशों के पैरा बैडमिंटन में जीता स्वर्ण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया की नंबर एक पुरूष युगल टीम प्रमोद भगत और सुकांत कदम ने इंग्लैंड के शेफील्ड में चार देशों के पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में एसएल3-एसएल4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भगत ने एकल एसएल3 वर्ग में भी रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा मिश्रित युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में मनीषा रामदास के साथ रजत पदक जीता। कदम ने एकल एसएल4 वर्ग में कांस्य पदक जीता। भगत और कदम ने भारत के ही दीप रंजन बिसोयी और मनोज सरकार को 21 . 17, 21 . 17 से हराकर स्वर्ण हासिल किया। एकल में भगत इंग्लैंड के डेनियल बेथेल से हार गए। मिश्रित युगल में भगत और रामदास को इंडोनेशिया के हिकमत रमदानी और लीनी



रात्रि ने 21 . 17, 21 . 17 से हराया । भगत ने कहा, युगल के नतीजे से मैं खुश हूं लेकिन एकल और मिश्रित युगल से नहीं । इस साल बेथेल ने मुझे काफी चुनौती दी है और उसे हराने के लिये खेल में सुधार करना होगा। कदम को सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान ने 17 . 21, 21 . 15, 21 . 16 से हराया। अन्य भारतीयों में कृष्णा नागर ने एसएच6 वर्ग में स्वर्ण जीता जबकि मानसी जोशी और टी मुरूगेसन ने महिला युगल एसएल3-एसयू5 वर्ग में स्वर्ण हासिल किया। पारूल परमार और शांतिया विश्वनाथन ने भी इस वर्ग में पदक जीता। नित्याश्री ने महिलाओं के एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीता जबकि पुरूषों के एसएल3-एसएल4 वर्गमें दीप रंजन और मनोज, चिराग बरेथा और राज कुमार विजयी रहे। रामदास ने महिलाओं के एसयू 5 वर्ग में कांस्य पदक जीता। कृष्णा नागर और नित्याश्री ने मिश्रित युगल एसएच6 वर्ग में कांस्य हासिल किया। प्रेम कुमार आले और तुर्की की एमिाइन सेकिन ने मिश्रित युगल डब्ल्यूएच1-डब्ल्यूएच2 वर्ग में कांस्य पदक जीता।

# मिचेल को ऑस्ट्रेलिया का नया टी20 कप्तान नियुक्त किया गया

**एजेंसी। मेलबर्न**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए ऑलराउंडर मिचेल मार्श को ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान घोषित किया गया है। मार्श को एरोन फिंच के उत्तराधिकारी के रुप में देखा जा रहा है, जिन्होंने कप्तान के रूप में 76 मैचों के सफल कार्यकाल के बाद इस साल की शुरूआत में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली का मानना है कि 31 वर्षीय मार्श पूर्णकालिक आधार पर यह पद संभालने में सक्षम हैं। आईसीसी की



आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, जॉर्ज बेली ने कहा, "मिच लंबे समय से सफेद गेंद के ढांचे में एक वरिष्ठ खिलाड़ी रहे हैं, इससे उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

## दूसरे टी20 की हार के बाद निराश हार्दिक पांड्या, बोले

# हमारा बल्लेबाजी प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा

**एजेंसी। गुयाना**

भारत के कप्तान हार्दिक पांड्या ने दूसरे टी20 में वेस्ट इंडीज के हाथों मिली दो विकेट की करीबी हार के बाद खराब बल्लेबाजी की समस्या को स्वीकार किया। प्रोविडेंस स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत 20 ओवर में 152 रन ही बना सका। मेहमान टीम की ओर से तिलक वर्मा (41 गेंद, 51 रन) ने अर्द्धशतक जड़ा जबकि कोई अन्य बल्लेबाज प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर सका। वेस्ट इंडीज ने 153 रन का लक्ष्य सात गेंद रहते हुए हासिल कर लिया। पांड्या ने मैच के बाद कहा, हमारा बल्लेबाजी प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। विकेट लगातार गिरते रहे और पिच भी धीमी



थी। हमने इतनी अच्छी बल्लेबाजी नहीं की कि 160 रन से ज्यादा बना सकें। पांड्या ने कहा, वह (तिलक वर्मा) जिस तरह बल्लेबाजी कर रहा है, उस पर हम ध्यान दे रहे हैं। नंबर चार पर एक बाएं हाथ के बल्लेबाज के होने से हमें दाएं और बाएं का संयोजन मिल जाता है। हमारे युवा खिलाड़ी आत्मविश्वास और निर्भयता के साथ आ रहे हैं।

भारत ने 152 रन का बचाव करते हुए पहले ओवर में वेस्ट इंडीज के दो विकेट गिरा भी दिये, लेकिन निकोलस पूरन ने 40 गेंद पर 67 रन की आतिशी पारी खेलकर वेस्ट इंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मेजबान टीम को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले कुछ झटके लगे लेकिन वह दो विकेट की जीत हासिल करने में सफल रही। पांड्या ने पूरन की बल्लेबाजी पर कहा, वह (पूरन) जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं उससे स्पिनरों को लगाना मुश्किल हो जाता है।

दो रन पर दो विकेट गिरने के बाद उन्होंने जिस तरह बल्लेबाजी की वह कमाल था। इस बीच, तिलक ने भी भारतीय टीम का स्कोर कम होने पर पांड्या की बात से सहमति जाहिर की, हालांकि उन्होंने धीमे विकेट पर बल्लेबाजों के प्रदर्शन की सराहना की। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, विकेट धीमा था। हमने सोचा कि 150-160 एक अच्छा स्कोर होगा। हो सकता है कि हम 10 रन पीछे रह गये, लेकिन यह एक अच्छा प्रदर्शन था (हमारे बल्लेबाजों द्वारा)। उन्होंने कहा, पूरन ने जिस तरह बल्लेबाजी की उसके लिये उनको श्रेय जाता है। उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव डाला। हम जानते थे कि अगर हम एक विकेट हासिल कर सकते हैं, तो हम मैच बचा सकते हैं क्योंकि विकेट धीमा था। ऐसा नहीं था बल्लेबाजी करना आसान है।

# भारतीय बैडमिंटन संघ ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए टीम की घोषणा की



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय बैडमिंटन संघ ने संयुक्त राज्य अमेरिका के स्पोकेन में होने वाली आगामी बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के लिए 16 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। 26 से 29 जुलाई तक नई दिल्ली में आयोजित एक खास परीक्षण प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया गया। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, ट्रायल बेहद प्रतिस्पर्धी था और जब से हमने ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए ट्रायल अनिवार्य किया है तब से हम कई नए चेहरे देख रहे हैं। हमें उन नामों पर बेहद गर्व है जिनका चयन किया गया है और हमें विश्वास है कि ये युवा शटलर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 25 सितंबर को मिश्रित टीम चैंपियनशिप के साथ शुरू होगी और व्यक्तिगत स्पर्धा 2 अक्टूबर से शुरू होगी।

### भारतीय जूनियर बैडमिंटन स्क्वाड (टीम इवेंट)

**लड़कों का एकल:** आयुष शेट्टी, तुषार सुवीर, लोकेश रेड्डी, निकोलस नाथन राज
**लड़कियों का एकल:** उन्नति हुडा, तारा शाह, देविका सिहाग, श्रियांशी वलीशेट्टी
**लड़कों के युगल:** निकोलस नाथन राज/तुषार सुवीर, दिव्यम अरोड़ा/मयंक अरोड़ा
**लड़कियों के युगल:** राधिका शर्मा/तन्वी शर्मा, वेन्नाला के/श्रियांशी वलीशेट्टी
**मिश्रित युगल:** समरवीर/राधिका शर्मा, सात्विक रेड्डी के/वैष्णवी खडकेकर

भारतीय जूनियर बैडमिंटन टीम (व्यक्तिगत स्पर्धा)
**लड़कों का एकल:** आयुष शेट्टी, तुषार सुवीर, लोकेश रेड्डी
**लड़कियों का एकल:** उन्नति हुड्डा, तारा शाह, देविका सिहाग
**लड़कों के युगल:** निकोलस नाथन राज/तुषार सुवीर, दिव्यम अरोड़ा/मयंक अरोड़ा
**लड़कियों के युगल:** राधिका शर्मा/तन्वी शर्मा, वेन्नाला के/श्रियांशी वलीशेट्टी
**मिश्रित युगल:** समरवीर/राधिका शर्मा, सात्विक रेड्डी के/वैष्णवी खडकेकर

# रोहित शर्मा मेरे लिए एक सपोर्ट सिस्टम रहे हैं : तिलक वर्मा



**एजेंसी। गुयाना**

अपना पहला टी20 अर्धशतक जड़ने के बाद, तिलक वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय रोहित शर्मा को दिया है। बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया के लिए बेस्ट बल्लेबाज साबित हो रहे हैं। 20 साल के इस धाकड़ खिलाड़ी ने इस सीरीज में कैरेबियाई टीम के खिलाफ इंटरनेशनल डेब्यू किया है। बेशक टीम इंडिया को दोनों मैचों में हार मिली है, लेकिन तिलक ने अपनी जुझारू बल्लेबाजी से फैंस का दिल जीत लिया। पहले मैच में इस बल्लेबाज ने 39 रन बनाए, जबकि दूसरे मैच में 41 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन बनाए और टीम को एक सम्मानजनक टोटल तक पहुंचाया। मैच के बाद तिलक ने कहा, ?मैं रोहित भाई के साथ अधिक समय बिताता हूं। मेरे पहले आईपीएल में उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम एक ऑल-फॉर्मेट क्रिकेटर हो। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। उनका मार्गदर्शन मेरे लिए अहम रहा है। रोहित भाई मेरे लिए एक बड़े सपोर्ट सिस्टम रहे हैं। मेरे लिए निर्णायक मोड़ आईपीएल रहा है। लीग में प्रदर्शन ने मुझे भारत के लिए खेलने में मदद की है। मैं इसे आगे भी जारी रखना चाहूंगा। तिलक ने अपना पहला टी-20 अर्धशतक पूरा करने के बाद अपना जश्न रोहित की बेटी समायरा को समर्पित किया। उन्होंने नन्ही समायरा के साथ अपने खास रिश्ते को व्यक्त किया और बताया कि कैसे उन्होंने उससे वादा किया था कि जब भी वह पहला शतक या अर्धशतक पूरा करेंगे तो अपना जश्न उन्हें समर्पित करेंगे।

# सैमसन के फ्लॉप शो को लेकर पार्थिव पटेल ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने संजू सैमसन के लगातार खराब परफॉर्मेंस को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, जब भी उन्हें मौके मिले वो फ्लॉप रहे। उन्होंने कहा, संजू सैमसन। ये नाम भारतीय टीम के उस खिलाड़ी का है, जिसके बारे में हमेशा टीम में जगह नहीं मिलने के कारण काफी बातें होती हैं। लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला वो उस मौके को भुनाने में सफल नहीं हुए। भारत के वेस्टइंडीज दौरे पर संजू सैमसन को टीम में जगह मिली। उनके पास एक बड़ा मौका था अपनी छाप छोड़ने का, लेकिन वो इसमें अब तक नाकाम रहे हैं। हालांकि वनडे में उन्होंने एक अर्धशतक जरुर बनाया। मगर टी20 सीरीज में उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है, क्योंकि उन्होंने अब तक दो मैचों में महज 19 रन ही बनाए। भारत को रविवार को दूसरे टी20 मैच में दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता 2023

# हम एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे हैं : हरमनप्रीत सिंह

**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में अपने राउंड-रॉबिन मुकाबले में मलेशिया को 5-0 से हराकर चल रही एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। जीत के बाद कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि टीम एशियाई खेलों के लिए इस तरह तैयारी कर रही है। इससे पहले भारत ने शुक्रवार को जापान से 1-1 से ड्रा खेला था। उन्होंने घरेलू मैदान पर गुरुवार को चीन पर 7-2 की बड़ी जीत के साथ अभियान की शुरूआत की थी। भारत तीन मैचों में दो जीत और एक ड्रॉ के साथ कुल सात अंक लेकर शीर्ष स्थान पर है। मलेशिया तीन मैचों में दो जीत और एक हार के साथ कुल छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।



मैच के बाद इंटरव्यू में हरमनप्रीत सिंह ने कहा, "अगर आप देखें तो हम एशियाई खेलों के लिए इस तरह तैयारी कर रहे हैं, एशियाई खेलों से पहले हमें अच्छे मैच मिल रहे हैं। यह हमारे साथ-साथ दूसरों के लिए भी अच्छा है। हमने इस टूर्नामेंट में जो सीखा, उस पर काम कर सकते हैं। एशियाई खेलों से पहले एशियाई देशों के खिलाफ खेलने का यह अच्छा मौका है।" उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से मुझे लगता है कि हमारा पहला मैच भी अच्छा था क्योंकि हमने कई गोल किये थे। हम क्लीन शीट बरकरार रखने की उम्मीद कर रहे हैं। दूसरा मैच टीम के लिए कठिन था। उस दिन जापान ने वास्तव में अच्छा खेला। हमने अपने पिछले गेम से जो सीखा वह था अपनी रक्षा को मजबूत रखना और अपने सामने आने वाले अवसरों को भुनाना।" हरमनप्रीत सिंह ने कहा, "गर्व की अनुभूति होती है जब आप देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए जर्सी पहनते हैं। यह सबसे बड़ा सम्मान होता है। यह हमारे परिवार का सहारा है। सबसे बड़ी बात यह है कि मैं देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं।" उन्होंने कहा, "टीमें अच्छी हैं। यूरोपीय देशों के खिलाफ खेलने के बाद एशियाई देशों के खिलाफ खेलने में अचानक तालमेल बिठाने में समय लगता है।

# प्रो कबड्डी लीग ने सीजन 10 के लिए रिटेन्ड खिलाड़ियों का किया ऐलान

**एजेंसी। मुंबई**

प्रो कबड्डी लीग ने सोमवार को सीजन 10 के लिए 'एलीट रिटेन्ड प्लेयर्स', 'रिटेन्ड यंग प्लेयर्स' और 'मौजूदा नए युवा टैलेंट' की घोषणा की। प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन के लिए टीमों की रिटेंशन लिस्ट का ऐलान हो गया है। एक मजबूत टीम बनाए रखने के साथ, प्रत्येक फ्रेंचाइजी ने कई दिग्गजों को आगामी सीजन के लिए रिटेन किया और सभी खिलाड़ी 10वें सीजन में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। 3 श्रेणियों में कुल 84 खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया। जिनमें से 22 एलीट रिटेन्ड प्लेयर्स (ईआरपी) श्रेणी से, 24 रिटेन्ड यंग प्लेयर्स (आरवाईपी) श्रेणी से और 38 मौजूदा न्यू यंग प्लेयर्स (ईएनवाईपी) श्रेणी से हैं। जिन खिलाड़ियों को रिटेन नहीं किया गया है, उनमें पवन सहरावत और विकास कंडोला जैसे स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों पर मुंबई में होने वाले ऑक्शन में फ्रेंचाइजी बोली लगाएंगी। अनुपम गोस्वामी ने कहा, सभी टीमों में रिटेन खिलाड़ियों के साथ, प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 पहले से ही एक शानदार प्रतियोगिता होने का वादा करता है। साथ ही आगामी ऑक्शन भी काफी दिलचस्प होने वाला है। टीमों द्वारा बनाए गए रिटेन लिस्ट में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के बीच शानदार संतुलन है। पीकेएल के दिग्गज खिलाड़ी प्रदीप नरवाल को यूपी योद्धा ने रिटेन किया है, जबकि असलम मुस्तफा इनामदार को पुनेरी पलटन ने रिटेन किया है। इस बीच, सीजन 9 में सबसे कीमती खिलाड़ी पुरस्कार विजेता- अर्जुन देशवाल को जयपुर पिंक पैंथर्स ने बरकरार रखा है।

## टी-20 मैच | दो मैच हारने के बाद भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला

# पूरन के बल्ले पर लगाना होगा अंकुश



**एजेंसी। प्रोविडेंस**

वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार तीसरी हार और श्रृंखला गंवाने से बचने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में बेखौफ प्रदर्शन करना होगा। यहां की धीमी पिचें बल्लेबाजी के अनुकूल नहीं रही हैं लेकिन जैसा कि कप्तान हार्दिक पंड्या ने रविवार को कहा, भारत को 10 - 20 अतिरिक्त रन बनाने के तरीके तलाशने होंगे। भारत को आखिरी बार द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में वेस्टइंडीज ने 2016 में हराया था। यहां पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती दो मैच हारने के बाद भारत 0 - 2 से पीछे है। इस प्रारूप में बल्लेबाजों को पहली गेंद से ही आक्रामक खेलना पड़ता है लेकिन अभी तक भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज ईशान किशन, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव ऐसा नहीं कर पाये हैं।

इससे संजू सैमसन और तिलक वर्मा जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर दबाव बना है। वर्मा ने हालांकि शानदार पदार्पण करके पिछले दोनों मैचों में उम्दा पारियां खेली। इस साल फोकस वनडे विश्व कप पर होने के बीच गिल, ईशान और सूर्यकुमार को 31 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप से पहले रन बनाने होंगे। हार्दिक ने रविवार को दो विकेट से मिली हार के बाद कहा, बल्लेबाजों को और जिम्मेदारी से खेलना होगा। भारत का बल्लेबाजी क्रम छठे नंबर तक ही है और सातवें नंबर पर हरफनमौला अक्षर पटेल उतर रहे हैं। फॉर्म में चल रहे स्पिनर कुलदीप यादव अंगूठे में सूजन के कारण रविवार को नहीं खेल सके और अभी यह देखना होगा कि वह कल फिट होते हैं या नहीं। गेंदबाजों खासकर स्पिनरों को निकोलस पूरन के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा। पूरन ने युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई का सहजता से सामना किया। पिछले मैच में अक्षर को गेंदबाजी का मौका नहीं दिया गया। हार्दिक और अर्शदीप को दूसरे मैच में स्विंग मिली थी और यही दोनों गेंदबाजी की शुरूआत करेंगे । दो महीने बाद खेल रहे चहल प्रभावी रहे लेकिन बिश्नोई कोई कमाल नहीं कर सके।

तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने काफी रन दिये जिनकी जगह आवेश खान या उमरान मलिक को उतारा जा सकता है। दूसरी ओर वेस्टइंडीज श्रृंखला जीतने से एक मैच की दूरी पर है। उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों की नाकामी की भरपाई पूरन ने बखूबी कर दी है । पूरन और शिमरोन हेटमायेर एक बार फिर भारतीय स्पिनरों पर दबाव बनाना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने कहा,हमने 2016 के बाद से भारत को टी20 श्रृंखला में नहीं हराया है और यह कमी इस बार पूरी करेंगे।

### टीमें इस प्रकार है

**भारत :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), ईशान किशन , शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मायर्स, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेस, शिमरोन हेटमायेर, जैसन होल्डर, शाइ होप, अकील हुसैन, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, ओबेद मैकॉय, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, ओशाने थॉमस।

